


दैनिक
# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -28 जबलपुर, मंगलवार 25 फरवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


भोपाल ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में बोले पीएम मोदी, दुनिया को भारत से बड़ी उम्मीदें

# मध्यप्रदेश में निवेश का यही समय है और सही समय है-प्रधानमंत्री मोदी

## मध्यप्रदेश अगले पाँच वर्ष में राज्य की अर्थव्यवस्था को करेगा दोगुना -मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित मध्यप्रदेश से विकसित भारत के उद्देश्य से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के भव्य आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बधाई दी। प्रधामनंत्री श्री मोदी ने कहा कि भारत के इतिहास में ऐसा अवसर पहली बार आया है, जब पूरी दुनिया भारत के लिए आशान्वित है। भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी क्षमता को सिद्ध किया है, जिसके परिणाम स्वरूप सम्पूर्ण विश्व भारत पर विश्वास प्रकट कर रहा है। प्रधामनंत्री श्री मोदी ने कहा कि यही विश्वास हम मध्यप्रदेश में अनुभव कर रहे हैं। मध्यप्रदेश जनसंख्या की दृष्टि से देश का पांचवां बड़ा राज्य है, कृषि और खनन में अग्रणी है, इसके साथ ही राज्य को माँ नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। देश में हो रहे अधोसंरचना विकास का लाभ मध्यप्रदेश को मिला है, दिल्ली, मुम्बई नेशनल हाईवे का बड़ा भाग मध्यप्रदेश से निकलता है, प्रदेश में पाँच लाख किलोमीटर का रोड नेटवर्क है और लॉजिस्टिक्स की यहाँ अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। मध्यप्रदेश में हर वो क्षमता है, जो इसे देश के शीर्ष पाँच राज्यों में ला सकता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाने के लिए बधाई दी।

**औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन के लिए 18 नई नीतियां लॉन्च**

प्रधानमंत्री मोदी ने रिमोर्ट का बटन दबाकर प्रदेश में औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन के लिए लागू 18 नवीन नीतियों का शुभारंभ किया। इसके अंतर्गत मध्यप्रदेश उद्योग नीति 2025, एमएसएमई नीति, एक्सपोर्ट प्रमोशन नीति, लॉजिस्टिक्स नीति, स्टार्टअप नीति, मध्यप्रदेश एनीमेशन, वीआर, गैमिंग कामिक्स और विस्तारित रियलिटि नीति, जीसीसी नीति, सेमी कंडक्टर नीति, ड्रोन संवर्धन और उपयोग नीति, फिल्म पर्यटन नीति, पर्यटन नीति, पम्पड हाइड्रो स्टोरेज नीति, सिटी गैस डिस्टिब्यूशन नीति, विमानन नीति, नवकरणीय ऊर्जा नीति, स्वास्थ निवेश प्रोत्साहन नीति और एकीकृत टाउनशिप नीति शामिल हैं।

**देश का कॉटन कैपिटल है मध्यप्रदेश**

प्रधानमंत्री मोदी ने समिट में पधारे उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यहां 300 से अधिक इंडस्ट्री जोन हैं और निवेश की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश में 31 हजार मेगावॉट सरपल्स एनर्जी है, जिसमें 30 फीसदी रिन्यूएबल एनर्जी है। कुछ दिन पहले ही ओंकारेश्वर में फ्लोटिंग सौर ऊर्जा परियोजना का शुभारंभ हुआ है। एनर्जी सेक्टर में आए बूम का मध्यप्रदेश को लाभ मिला है। हाल ही में 45 हजार करोड़ रूपए लागत की केन-बेतवा लिंक परियोजना की आधारशिला रखी गई, जिससे 10 लाख हेक्टेयर भूमि में सिंचाई क्षमता बढ़ेगी, परिणामस्वरूप प्रदेश में कपड़ा उद्योग और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर बढ़ेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मध्यप्रदेश को देश का कॉटन कैपिटल बताते हुए कहा कि कपड़ा उद्योग और कॉटन सप्लाय में मध्यप्रदेश, देश का सबसे बड़ा उत्पादक है। यहां का मलबरी सिल्क और चंदेरी साड़ियां भी बहुत पसंद की जाती हैं। देश में बन रहे सात बड़े टेक्सटाइल पार्क में से एक मध्यप्रदेश में है। देश के टूरिज्म सेक्टर में मध्यप्रदेश अजब भी है और गजब भी है। नर्मदा के किनारे पर्यटन का पर्याप्त विकास हुआ है। प्रदेश में मेडिकल टूरिज्म की भी अपार संभावनाएं हैं।

**इलेक्ट्रिक व्हीकल के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है मध्यप्रदेश**

प्रधामनंत्री श्री मोदी ने कहा कि दो दशक पहले लोग मध्यप्रदेश में निवेश करने से डरते थे। जिस प्रदेश में बसें ठीक से नहीं चल पाती थीं, वह राज्य अब इलेक्ट्रिक व्हीकल के मामले में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। जनवरी 2025 तक प्रदेश में दो लाख इलेक्ट्रिक वाहन रजिस्टर्ड हुए हैं, जो दर्शाता है कि नए क्षेत्रों में भी मध्यप्रदेश निवेश आकर्षित कर रहा है। लीथियम बैटरी और न्यूक्लीयर एनर्जी में भी निवेश को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में शत-प्रतिशत रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण किया जा चुका है। रानी कमलापति स्टेशन के चित्र सभी का मन मोह रहे हैं। इसी तर्ज पर प्रदेश के 80 रेलवे स्टेशनों को विकसित किया जा रहा है। विमानन सेवा के लिए ग्वालियर और जबलपुर के एयरपोर्ट को विस्तार दिया गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार प्रदेश की विकास दर को नई ऊँचाइयां देने के लिए निरंतर हरसंभव प्रयास कर रही है। मध्यप्रदेश में निवेश का यही समय है और सही समय है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि विश्व के सामान्यजन, विशेषज्ञ और संस्थाएं भारत की ओर आशा से देख रही हैं।

## समाज में राजनीति से हटकर आप क्या करते हैं,मोदी के प्रश्न का जवाब नहीं दे पाए एमपी के सांसद-विधायक



भोपाल (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के सभी भाजपा विधायक, सांसद और राज्यसभा सदस्य के अतिरिक्त पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ संवाद किया। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री ने विधायकों से कहा कि सत्ता सेवा के लिए है, इसका उपयोग जनता की सेवा के लिए करो। जनता आपको चुनाव जिताती है, समाज में राजनीति से हटकर आप क्या कर रहे हैं।

आप ऐसा कौन सा काम कर रहे हैं, जिससे समाज आपको अलग अंदाज में पहचाने। मोदी का आशय था कि दिव्यांगों की सेवा, गो सेवा या ऐसा कोई काम जनप्रतिनिधियों को अपने हाथ में लेना चाहिए, जो समाज में अलग पहचान दे। एक विधायक से पीएम ने पूछा कि आपको पंडित दीनदयाल जी का कोई संस्मरण याद हो तो बताएं। एक विधायक से मोदी ने पूछा कि कुशाभाऊ ठाकरे कौन थे? नए विधायकों से उन्होंने सवाल किया कि अपने क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए आप क्या करते हैं। सबने अपनी-अपनी बात रखी।

## रतलाम में चलती ट्रेन से अलग हुआ इंजन, दो हिस्सों में बंटी गाड़ी, घबराए यात्री ट्रेन से नीचे उतरे



रतलाम. (आरएनएस)। पश्चिम रेलवे के रतलाम में चलती ट्रेन से इंजन अलग होकर आगे निकल गया. वह दो हिस्सों में बंट गई. अचानक ट्रेन रुकने से यात्री घबरा गए और नीचे उतरकर पटरियों और प्लेटफॉर्म पर खड़े हो गए. रतलाम रेल मंडल के डीआरएम अश्वनी कुमार ने जांच के आदेश दिए हैं.

घटना रतलाम मंडल के बड़ायला चौरासी स्टेशन पर सोमवार सुबह 10.30 बजे की है. रतलाम-चित्तौडगढ़ डेमू ट्रेन रतलाम से 10 बजे रवाना हुई थी. 11 बजे जावरा पहुंचने का समय था. बड़ायला चौरासी स्टेशन पर कपलिंग टूटने से ये हादसा हो गया. लोगों ने बताया कि डेमू ट्रेन का इंजन खराब होने के कारण एक अतिरिक्त इंजन जोड़कर ट्रेन को चलाया जा रहा था. ट्रेन के दो हिस्सों में बंटने की सूचना रेलवे कंट्रोल रूम को दी.

**जावरा से बुलवाया गया दूसरा इंजन**

इसके बाद जावरा से दूसरा इंजन बुलवाया गया. ट्रेन से अलग हुए इंजन को पहले रेलवे ट्रैक से हटाकर स्टेशन के अन्य ट्रैक पर खड़ा किया. इसके बाद जावरा से आए इंजन से ट्रेन को करीब 11:50 बजे रवाना किया.

## पटना में बालू लदा ट्रक ऑटो से टकराया,7 की मौत, 2 लापता

पटना. (आरएनएस)। पटना के मसौढ़ी में रविवार देर रात बालू लदे ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी. इस घटना में ऑटो सवार 7 लोगों की मौत हो गई. टक्कर के बाद दोनों गाडियां छोटी नहर में गिर गईं. ट्रक ऊपर और ऑटो उसके नीचे था. एक्सीडेंट में ऑटो के परखच्चे उड़ गए. पुलिस ने जेसीबी से शव को बाहर निकाला. घटना मसौढी-नौबतपुर मार्ग पर धनीचक मोड़ पर की है. स्थानीय लोगों का कहना है कि %हादसे के बाद से एक महिला और उसकी 2 साल की बच्ची अभी भी लापता हैं. जेसीबी की मदद से उन्हें ढूंढा जा रहा है. मसौढ़ी के एसडीओ नव वैभव ने बताया, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी. देर रात हादसा हुआ है. स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से राहत कार्य चलाया गया. गाड़ी के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला. इधर सोमवार सुबह आक्रोशित लोगों ने मसौढ़ी-नौबतपुर मार्ग को जाम कर दिया है. करीब 3 घंटे से रोड पर शव रखकर मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं. हादसे के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है. लोगों का कहना है कि सड़क किनारे के पेड़ के कारण हादसा हो रहा है.

## दिल्ली-प्रोटेम स्पीकर बने अरविंदर सिंह लवली, एलजी सक्सेना ने राजनिवास में दिलाई शपथ



नई दिल्ली.(आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा का तीन दिवसीय सत्र शुरू हो चुका है. भाजपा विधायक अरविंदर सिंह लवली ने नवगठित विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के रूप में शपथ ली. विधानसभा की पहली बैठक से पहले लवली को राज निवास में एलजी विनय कुमार सक्सेना ने यह शपथ दिलाई.

सदन के सबसे वरिष्ठ विधायकों में से एक लवली अब नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाएंगे. बाद में नए स्पीकर का चुनाव होगा और इस पद के लिए भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता को चुना जा सकता है. वहीं डिप्टी स्पीकर के पद के लिए मोहन सिंह बिष्ट के नाम की चर्चा है. चुनाव संपन्न होने के बाद नवनिर्वाचित स्पीकर और डिप्टी स्पीकर को भी शपथ दिलाई जाएगी.

दिल्ली विधानसभा सदन में शपथ ग्रहण का शुभारंभ हो गया है. मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शपथ ली. इनके बाद अब मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य शपथ ले रहे हैं. इनके बाद बारी-बारी से सभी अन्य विधायक 70 विधायक शपथ लेंगे. प्रोटेम स्पीकर अरविंद सिंह लवली ने कहा कि विधानसभा द्वारा तैयार किए गए लिखित प्रारूप के अनुसार ही सभी सदस्य शपथ लें. दिल्ली विधानसभा के पहले दिन दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि यह हमारी एक शुरुआत है. मैं उन्हें (आप नेता और नेता प्रतिद्वंद्वी आतिशी) बधाई देता हूं. मुझे उम्मीद है कि वे पहले के विपरीत सकारात्मक सकारात्मकता के साथ काम करेंगे. एक-एक कर शपथ लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई है. शपथ लेने के क्रम में पहले मंत्री शपथ ले रहे हैं. सिरसा ने पंजाबी में शपथ ली. वहीं पर कपिल मिश्रा ने संस्कृत में शपथ ली.

## मिजोरम में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद, दो महिलाओं समेत तीन हिरासत में

असम- असम राइफल्स के जवानों ने शुक्रवार को आइजोल के पास जिलेटिन की 4,980 छड़ें बरामद कीं और दो महिलाओं सहित तीन तस्करों को हिरासत में ले लिया। अर्धसैनिक बल ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि खुफिया जानकारी के आधार पर अर्धसैनिक बल ने सकावर्तुइचुन खदान की ओर जाने वाली सड़क पर एक मोबाइल चेक पोस्ट स्थापित किया। इसमें कहा गया है कि सैनिकों ने एक वाहन को रोका, जिसमें से लगभग 622.5 किलोग्राम वजन की जिलेटिन छड़ें (विस्फोटक) बरामद की गईं। बयान में कहा गया है कि वाहन में यात्रा कर रही दो महिलाओं सहित तीन लोगों को पकड़ लिया गया

## राजस्थान विधानसभा के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भारी विरोध प्रदर्शन, पुलिस ने लगाए बैरिकेड्स



नई दिल्ली-(आरएनएस)। कांग्रेस विधायकों ने टिप्पणी पर आपत्ति जताई और वेल में आ गए और मंत्री से माफी की मांग की। तीन बार के स्थगन के बाद शाम चार बजे सदन दोबारा शुरू हुआ तो सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कांग्रेस विधायकों को निलंबित करने का प्रस्ताव पेश किया।

इंदिरा गांधी के संबंध में भाजपा मंत्री के बयान के बाद पार्टी के छह विधायकों को निलंबित किए जाने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को राजस्थान विधानसभा के बाहर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने बैरिकेड्स लगा दिए हैं और सुरक्षा बढ़ा दी है। कांग्रेस कार्यकर्ता विधानसभा को घेरने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके चलते पुलिस के साथ उनकी झड़प हुई है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा शुक्रवार को विधानसभा में विपक्षी बेंच की ओर इशारा करते हुए आपकी दादी टिप्पणी के बाद विपक्ष भड़क गया।

मंत्री ने कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास के संबंध में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, 2023-24 के बजट में भी, हमेशा की तरह, आपने (कामकाजी महिला छात्रावास पर) योजना का नाम अपनी %दादी% इंदिरा गांधी के नाम पर रखा। कांग्रेस विधायकों ने टिप्पणी पर आपत्ति जताई और वेल में आ गए और मंत्री से माफी की मांग की। तीन बार के स्थगन के बाद शाम चार बजे सदन दोबारा शुरू हुआ तो सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कांग्रेस विधायकों को निलंबित करने का प्रस्ताव पेश किया।

उन्होंने कहा कि उन्होंने सभी हदें पार कर दीं और उनका आचरण अध्यक्ष के प्रति अनुचित था, जिसे माफ नहीं किया जा सकता। प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया, जिसके बाद अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सदन को 24 फरवरी सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। इसके बाद, राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, विपक्ष के उपनेता रामकेश मीणा और अन्य सहित निलंबित विधायकों ने सदन के वेल में रात बिताई।

## दिल्ली- बीजेपी पर सीएम कार्यालय से भगत सिंह और आंबेडकर की फोटो हटाने का आरोप



नई दिल्ली.(आरएनएस)। दिल्ली की 8वीं विधानसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू हुआ। इसकी शुरुआत हंगामे के साथ हुई। विपक्ष की नेता आतिशी ने सत्ता पक्ष की भाजपा सरकार पर बाबा साहेब आंबेडकर और शहीद भगत सिंह की फोटो हटाने का आरोप लगाया। आतिशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की दलित विरोधी मानसिकता जगजाहिर है। आज उसकी दलित विरोधी मानसिकता का सबूत पेश हुआ है. अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली सरकार के हर दफ्तर में बाबा साहेब आंबेडकर और शहीद भगत सिंह की फोटो लगाई थी। जब से भाजपा सत्ता में आई है, मुख्यमंत्री कार्यालय से इन दोनों महापुरुषों की फोटो हटा दी हैं। इससे पता चलता है कि भाजपा दलित विरोधी, सिख विरोधी पार्टी है। विधानसभा में प्रोटेम स्पीकर अरविंदर सिंह लवली ने कार्यवाही शुरू कराई।

महाकुंभ को लेकर विपक्ष पर बरसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ


## गिद्धों को केवल लाश मिली, सुअरों को गंदगी मिली, जिसने जो तलाशा उसको...



उत्तर प्रदेश-(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विधानसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष के नेता ने समाजवादी से सनातन धर्म अपनाने की ओर कदम बढ़ाया है। उन्होंने इस वैचारिक बदलाव को देखकर संतोष व्यक्त किया और शासन में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। चर्चा के दौरान 146 सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें सत्ता पक्ष के 98 और विपक्ष के 48 सदस्य शामिल थे। नेता प्रतिपक्ष के सवालों पर सीएम ने जवाब देते हुए कहा कि जिन महापुरुषों ने भी भारत में जन्म लिया, मैं उन सभी को मानता हूं। मैं बुद्ध, जैन परंपरा (सभी तीर्थंकरों) को मानता हूं। हम लोग सनातन धर्म के साथ-साथ बौद्ध तीर्थस्थलों के पुनरोद्धार व सुंदरीकरण का कार्य कर रहे हैं। भारत के प्रति सम्मान का भाव रखने वाले और सनातन परंपरा में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भूमिका रखने वाले सभी पंथ-संप्रदाय (बौद्ध, जैन, सिख) का हम सम्मान करते हैं। गुरु गोविंद सिंह के चार-चार पुत्रों की शहादत के प्रति सम्मान का भाव ही है कि पीएम मोदी ने 26 दिसंबर की तिथि को वीर बाल दिवस के रूप में घोषित किया है। पहली बार गुरुवाणी का पाठ निरंतर मुख्यमंत्री आवास पर हो रहा है। भगवान बुद्ध, जैन तीर्थंकरों, सिख परंपरा, कबीरपंथी, रविदासी, महर्षि वाल्मीकि की परंपरा या भारत के अंदर जन्मी हर उस उपासना विधि का, जिससे सनातन धर्म को मजबूती प्रदान होती हो और देश एक भारत, श्रेष्ठ भारत के रूप में आगे बढ़ता है, उन सबके प्रति हमारे मन में श्रद्धा व सम्मान का भाव है। समाजवादी पार्टी के सदस्यों पर तंज कसते हुए योगी ने कहा कि आप संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं, लेकिन संवैधानिक पदों पर बैठे महानुभावों के प्रति आप लोगों का दृष्टिकोण क्या है, राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सदन के दृश्य देखकर इसका सहज अनुमान लगा सकते हैं। जो शोरशराबा, टिप्पणियां और राज्यपाल के प्रति व्यवहार किया जा रहा था, क्या वह संवैधानिक था। यदि ऐसा व्यवहार संवैधानिक है तो फिर असंवैधानिक क्या है। आप लोग भाषण बहुत देते हैं, लेकिन वास्तविक आचरण देखना है कि सपा सोशल मीडिया सेल का हैंडल देखिए।

## सुप्रीम कोर्ट से बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा पर याचिका खारिज

### कहा- दूसरे देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप



नई दिल्ली. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए दायर जनहित याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह मामला विदेशी मामलों से जुड़ा है और भारत की न्यायपालिका किसी दूसरे देश के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी नहीं कर सकती। मामले में सीजेआई संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। इसके बाद याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस ले ली और मामला खत्म कर दिया गया.यह याचिका लुधियाना के व्यवसायी और समाजसेवी राजेश धांडा ने दायर की थी, जो भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव समिति, लुधियाना के अध्यक्ष और इस्कॉन मंदिर संचालन बोर्ड के उपाध्यक्ष भी हैं। इस याचिका में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही हिंसा को रोकने और भारत में शरण लेने वाले हिंदुओं को नागरिकता के लिए आवेदन करने की समय सीमा बढ़ाने की मांग की गई थी. इस याचिका में केंद्र सरकार से यह मांग की गई थी कि -बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत तुरंत कूटनीतिक या अन्य कदम उठाए जाएं।

नगर-डगर

जबलपुर दिन मंगलवार 25 फरवरी 2025

दैनिक क्षितिज किरण






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना मदनमहल में आदित्य मिश्रा उम्र 30 वर्ष निवासी आस्था अपार्टमेंट राईट टाउन मदनमहल ने लिखित शिकायत की कि वह प्राईवेट काम करता है उसकी शादी पूजा दुबे जो कि नरसिंहपुर की रहने वाली है से वर्ष 2021 में हुई थी। पत्नि पूजा दुबे ने बताया कि आकाश नेमा निवासी नरसिंहपुर का फैमली मेम्बर की तरह है और सरकारी नौकरी लगवाता है, आकाश नेमा का उसके घर आना जाना रहता था । आकाश नेमा ने उसके घर आकर उसे पटवारी में एवं पूजा दुबे को संविदा वर्ग-02 में सरकारी नौकरी लगवाने की बात कही तो उसने अपनी एवं पत्नि की सरकारी नौकरी लगाने हेतु

**निगमायुक्त के निर्देश पर उपायुक्त ने सर्वेक्षण कार्यो की समीक्षा की और स्वास्थ्य अमले को आवश्यक निर्देश दिये**

# स्वच्छ सर्वेक्षण के कार्यो में जी-जान से जुट जाएँ अधिकारी कर्मचारी - निगमायुक्त प्रीति यादव





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के कार्यो को अब सभी अधिकारी गंभीरता से लेकर जमीनी स्तर पर सभी मापदण्डों के अनुरूप कार्य करें और जी-जान लगाकर पूरी ताकत के साथ शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के साथ-साथ अन्य निर्धारित मापदण्डों पर कार्य करें। इसके अलावा नागरिकों से भी संवाद कर उन्हें स्वच्छता के संदेशों से अवगत करायें और साकारात्मक फीडबैक देने अपील करें। उक्त निर्देश आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने स्वास्थ्य अमले के साथ-साथ नगर निगम के अन्य अधिकारियों को दिये। निगमायुक्त के निर्देश पर उपायुक्त एवं एस.बी.एम. नोडल अधिकारी संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जयसवाल एवं एस.बी.एम. सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा द्वारा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के जमीनी परीक्षण की तैयारियों का जायजा लेने मानस भवन के मिनी हॉल में स्वास्थ्य विभाग के सभी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक एवं सबंधित सभी कंसल्टेंट के साथ समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के सभी मापदंडों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया की विगत वर्ष जबलपुर नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में 13वाँ स्थान एवं जी.एफ.सी. स्टार रेटिंग में 3 स्टार प्राप्त किया था, इस बार हमारा शहर स्वच्छ सर्वेक्षण एवं जी.एफ.सी. स्टार रेटिंग में और भी अच्छा प्रदर्शन करे इसके लिए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024, जी.एफ.सी. स्टार रेटिंग दोनों की टूलकिट के अनुसार सभी को विस्तार से समझाया गया। जिसके तहत शहर के सिटी प्रोफाइल में दर्ज सभी स्थानों, वार्ड वार ब्यूटीफीकेशन पॉइंट के तहत होने वाले में आवश्यक तैयारियों से सबंधित सभी बिन्दुओ, संभाग के सभी व्यापारिक, रहवासी क्षेत्र एवं स्लम क्षेत्रों के में आवश्यक तैयारियों से सबंधित सभी बिन्दुओं, तालाबों, नाला-नालियों, एजुकेशनल इंस्टिट्यूट, बल्क वेस्ट जनरेटर (बड़े होटल्स एवं रेस्टोरेंट) में आवश्यक तैयारियों से सबंधित सभी बिन्दुओं पर क्रमवार चर्चा कर पिछले साल के तरह ही इस साल भी अभी से जमीनी स्तर की तैयारियों पर कार्य करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त एवं एस.बी.एम. नोडल अधिकारी संभव अयाची ने बताया की स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियां साल भर से सभी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी कर रहे हैं। अब समय है उन तैयारियों को अंतिम रूप देने का एवं तैयारियों की समीक्षा का जिसके लिये आज की यह समीक्षा बैठक निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार रखी गई है, जिसमे सभी सबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को टीम के आने के पहले तैयारियों का पुनः एक बार और स्वयं जायजा लेकर उसे और अच्छे रूप में करने के निदेश दिए गए। बैठक में स्टेट पी.आई.यु. अभिनय गर्ग, आशना राठौर, सभी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, सभी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, सभी स्वास्थ्य निरीक्षक, सभी एस.बी.एम. कंसल्टेंट उपस्थित रहे।

# जो अभिनाशी है वह शिव है



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मान-अभिमान, बुद्धि चित्त का अहंकार का समर्पण करने से ही परमात्मा मिलता है। कर्म और विवेक परमात्मा को समर्पित करना ही जीवन की श्रेष्ठता है। जीवन की कष्ट और कठिनाइयों से जूझ कर शिवतत्व सफलताओं की ऊँचाइयों को प्राप्त करता है। उपरोक्त उद्गार गौरीघाट स्थित साकेतधाम में श्री रामेश्वरम महादेव के 21 वें पाटोत्सव के तृतीय दिवस में पंडित उमाशंकर शर्मा व्यास जी ने व्यक्त किये।

दंडी स्वामी श्री स्वरूपानंद जी महाराज ने कहा कि जब साधक सही दृष्टि लेकर स्वार्थ से समझौता तोड़ता है तब कहीं वह भगवान की शरण में जाने का अधिकारी होता है। संदेह का होना भीआवश्यक है, इस से ज्ञात होता है कि हमारी बुद्धि कार्यरत है। भूख ना लगने पर जिस प्रकार हम डॉक्टर से संपर्क करते हैं, उसी प्रकार संदेह होने पर हम गुरु रूपी वैद्य से संपर्क कर अपने संदेह का निराकरण कर सकते है।

स्वामी मुक्तानंद जी महाराज ने कहा कि ब्रम्हा अभिनाशी नही हैं, उसका भी समय निर्धारित है, जो अभिनाशी है वह शिव है। यज्ञ वह सफल होता है जो उचित अवसर पर होता है। शिव विरागी है और विरागी को रागी बनाकर ही शिवत्व की प्राप्ति होती है। शंकर जी में दोष हैं नहीं, लेकिन वे दोषों को स्वीकार करते हैं, दोषों को भी गुणों में परिवर्तित कर देते है। स्वामी गिरिशानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि शिव तपस्या, त्याग, संयम एवं करुणा की मूर्ति हैं। शिव पूजन से प्राणी में उपरोक्त गुण पैदा होते हैं। शिव की उपासना करने वाले में अगर त्याग, दया व संयम नहीं है तो विचार कर लेना चाहिए कि साधना में त्रुटि अवश्य रह गई है। मर्यादा को तोड़ने वाले जीव को शिव स्वीकार नहीं करते। जब माता सती शिव के वचनों पर विश्वास न करते हुए श्री राम की परीक्षा लेने के लिए सीता का रूप बनाकर गई तो राम जी ने सीता रूप में आई हुई माता सती की चरण वंदना की एवं भगवान शिव की महिमा का वर्णन किया। साकेत धाम परिवार के द्वारा आज 21 सिलाई मशीन का वितरण निर्धन महिलाओं को किया गया जिससे वे अपने परिवार का उचित पोषण कर सके। दिनांक 25 फरवरी को संस्कारधानी के विशिष्ट व्यक्तित्व का सम्मान किया जाएगा एवं मेघावी छात्रों को साइकिल का वितरण किया जाएगा।

संत विद्वानों का स्वागत अभिनंदन रविन झुनझुनवाला, अशोक टेकरीवाल, मोनी अग्रवाल, राजेश केडिया, अशोक चूड़ीवाला, मनीष दुबे, सावल दास खत्री, शंकर खत्री, भगवान दास धीरवाणी, सुनील चौरसिया, अर्पित तिवारी, पं. दीपक शर्मा, राजू चौधरी, अनिल गोयल, रिंकू तिवारी, भानू नवेरिया आदि ने किया मंच संचालन डॉक्टर बृजेश दीक्षित एवं स्वस्तिवाचन पंडित रोहित दुबे पंडित सौरभ दुबे ने कराया।

**छाया त्रिवेदी की लघुकथा कृति**

# बादल का एक टुकडा का विमोचन,प्रेरक और प्रभावी लघुकथायें



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। लघुकथा हमारे आसपास के वातावरण के साथ समाज और व्यक्ति की वास्तविकता को प्रदर्शित करते हुए संचेतना सौंपती है। कथाकार वर्तमान की स्थितियों को देखने- परखने की जितनी सूक्ष्म दृष्टि रखेगा उसकी लघुकथाएँ भी उतनी ही प्रेरक और प्रभावी होंगी। इस दृष्टिकोण से श्रीमती छाया त्रिवेदी की लघुकथाए व्यक्ति और समाज की वास्तविकता से परिचित कराती हैं। तदाशय के उद्गार पाथेय संस्था के तत्वावधान में कला वीथिका में आयोजित छाया त्रिवेदी के लघुकथा संग्रह 'बादल का एक टुकडा' के विमोचन अवसर पर अतिथियों ने व्यक्ति किए।

समारोह की मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. चंद्रा चतुर्वेदी थी। अध्यक्षता डॉ. हरिशंकर दुबे ने की। सारस्वत अतिथि महाकवि आचार्य भगवत दुबे एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. इला घोष,उमेश त्रिवेदी थे। **इनका हुआ सम्मान**-समारोह में श्रीमती निर्मला तिवारी, डॉ. राजलक्ष्मी शिवहरे, डॉ. तनूजा चौधरी, मीना भट्ट,गीता शरद तिवारी, अर्चना मलैया, डॉ.शोभा सिंह, डॉ. सलमा जमाल, शशिकला सेन, मनीषा गौतम, डॉ. गीता गीत, लता गुप्ता, सिद्धेश्वरी सराफ, उमा मिश्रा, कामना कौस्तुभ, वंदना सोनी ,सुभाष शलभ, दीपचंद विनोदिया,राजेन्द्र मिश्रा, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, सुशील श्रीवास्तव, यशोवर्धन पाठक ,आचार्य विजय किसलय, विजय नेमा, संतोष नेमा,गणेश प्यासा,राजेश पाठक प्रवीण, आशुतोष तिवारी,मनोज जैन, उमेश राठौर को शाल, मानपत्र देकर सम्मानित किया।कलाकार प्रमोद कुशवाहा ने सभी को स्वनिर्मित कलाचित्र से सम्मानित किया। संचालन राजेश पाठक प्रवीण एवं आभार छाया त्रिवेदी ने व्यक्त किया।

# लोक निर्माण विभाग और एनएचएआई ने किये 1 लाख करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर-ऐतिहासिक निवेश

**मध्यप्रदेश को रोड इंफ्रास्ट्रक्चर हब के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। /मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के बीच हाई स्पीड कॉरिडोर एवं एक्सप्रेसवेज के निर्बाध निर्माण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह की उपस्थिति रही। इनके अलावा अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई, एमपीआरडीसी के प्रबंध संचालक श्री भरत यादव और एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी श्री एस.के. सिंह भी इस महत्वपूर्ण समारोह में उपस्थित थे। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह जी ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में ह्म्ह्र 5 वर्षों में लगभग 60 हजार करोड़ के कार्य करेगा। प्रयास होगा कि शेष 40 हजार करोड़ के कार्य भी इन 5 वर्षों में प्रारम्भ हो जाएं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 के अंतर्गत सम्पूर्ण देश में हाई स्पीड कॉरिडोर का निर्माण 2037 तक होना है।

लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह जी ने कहा कि डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में हुए इस स्न्भ्र के कारण 2037 तक होने वाले निर्माण कार्य आगामी 5 वर्षों में ही हो सकेगा और ऐसा करने वाला राज्य देश का पहला राज्य मध्य प्रदेश होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एनएचएआई की निर्माण परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। वहीं, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने इस एमओयू को मध्यप्रदेश के रोड इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के प्रति आभार व्यक्त किया। एमओयू पर एनएचएआई की ओर से क्षेत्रीय अधिकारी श्री एस.के. सिंह और एमपीआरडीसी की ओर से प्रबंध संचालक श्री भरत यादव ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के विकास के लिए ?1,00,000 करोड़ के निवेश को सुनिश्चित करेगा, जिससे लगभग 4010 किलोमीटर लंबी सड़क परियोजनाओं का निर्माण एवं विकास किया जाएगा। साथ ही, इस एमओयू के तहत सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इस समझौते के अंतर्गत हाई स्पीड कॉरिडोर, एक्सेस कंट्रोल, 6 लेन, एक्जिस्टिंग रोड के अलावा भी विकास के और द्वार खुलेंगे। विकास की इस श्रृंखला में इंदौर-भोपाल ग्रीनफील्ड हाई स्पीड कॉरिडोर, भोपाल-जबलपुर ग्रीनफील्ड हाई स्पीड कॉरिडोर, प्रयागराज जबलपुर नागपुर एक्सप्रेसवे, लखनादौन-रायपुर एक्सप्रेसवे, आगरा-ग्वालियर राष्ट्रीय राजमार्ग, उज्जैन-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग, इंदौर रिंग रोड (पश्चिमी और पूर्वी बायपास), जबलपुर-दमोह राष्ट्रीय राजमार्ग, सतना-चित्रकूट राष्ट्रीय राजमार्ग, रीवा-सिद्धी राष्ट्रीय राजमार्ग और ग्वालियर शहर के पश्चिमी छोर पर 4-लेन बायपास सहित कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का विकास किया जाएगा। यह एमओयू ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2025 के दौरान संपन्न हुआ, जो मध्यप्रदेश के बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में नए निवेश एवं विकास की संभावनाओं को मजबूत करेगा। इस समझौते के तहत राज्य में आधुनिक सड़क परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी।

**5 महीने से नहीं मिल रहे स्मार्ट कार्ड, फिर भी वसूली जारी ।तुरंत बंद हो जनता से लूट!**

# आर.टी.ओ. ने स्मार्ट कार्ड के नाम पर जनता से वसूले 100 करोड़!

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी जबलपुर के जिला संगठन मंत्री राहुल वर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश में अक्टूबर माह में 1 लाख 85 हजार 481 वाहन बिके हैं । वहीं परिवहन विभाग में कार्यरत स्मार्ट चिप कंपनी काम बंद कर चुकी है। रजिस्ट्रेशन के लिए विभाग के पास कार्ड ही नहीं है। ऐसे में अब आनलाइन रजिस्ट्रेशन होने के बाद वाहन स्वामी को साफ्ट कापी से काम चलाना पड़ रहा है। इसके चलते कुछ वाहन खरीदार तो आनलाइन कापी निकालकर गाड़ी पर नंबर लिखवा रहे हैं, जबकि जो अब तक तकनीक फ्रेंडली नहीं हैं, वह हार्डकापी के इंतजार में बिना नंबर के ही गाड़ी सड़कों पर दौड़ा रहे हैं।

अब इनसे यदि कोई हादसा होता है तो वाहन की पहचान करना भी आसान नहीं होगा। दरअसल परिवहन विभाग का अब तक स्मार्ट चिप कंपनी से अनुबंध था। बकाया भुगतान को लेकर बात बिगड़ गई और माह अक्टूबर से कंपनी ने काम करना बंद कर दिया। इसके बाद परिवहन विभाग अब तक किसी नई कंपनी से अनुबंध नहीं किया है। नया वाहन खरीदने के बाद रजिस्ट्रेशन के लिए आरटीओ में आवेदन किया जाता है। आमतौर पर विभाग रजिस्ट्रेशन कार्ड जारी करता है, लेकिन वर्तमान में विभाग के पास कार्ड ही नहीं है। इसके चलते अब आनलाइन ही रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। इससे वाहन स्वामी कहीं भी कंप्यूटर या मोबाइल के जरिए परिहवन विभाग की वेबसाइट पर जाकर अपने रजिस्ट्रेशन कार्ड की कापी निकाल सकते हैं। साथ ही गाड़ी पर नंबर भी लिखवा सकते हैं।

मध्यप्रदेश में एक माह में लगभग 2 लाख से अधिक वाहनों का पंजीयन होता है और लाखों की संख्या में वाहन चालकों के लायसेंस बनाये जाते हैं सभी वाहनों के पंजीयन के समय एवं सभी व्यक्तियों के लायसेंस बनाने के समय दौ सो रूपये प्रति वाहन एवं 200 रूपये प्रति वाहन चालक से स्मार्टकार्ड बनाने के लिए 200 लिये जाते हैं। किन्तु माह अक्टूबर से मध्यप्रदेश में किसी भी वाहन की रजिस्ट्रेशन कार्ड व किसी भी चालक को लायसेंस कार्ड जो प्लॉस्टिक का होता वह नही प्रदान किया जाता है। फिर भी माह अक्टूबर से 200 सौ रूपये की राशि परिवहन विभाग (आर.टी.ओ.) द्वारा जमा कराई जा रही है। जो कि पूर्णतः अवैधानिक है जबकि जो सेवा हम प्रदान नही कर रहे उसका पैसा नागरिकों से क्यों वसूल रहे हैं। इसके साथ ही मध्यप्रदेश सरकार द्वारा धोखा-धड़ी भी की गई है। एक और तो जनता से स्मार्ट कार्ड का पैसा लिया गया और वह स्मार्ट कार्ड बनाने वाली कम्पनी को भुगतान नही किया गया। मध्यप्रदेश में माह अक्टूबर से लेकर माह फरवरी तक पाँच माह में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में 100 करोड़ रूपये से अधिक की राशि स्मार्ट कार्ड के नाम पर जमा करा ली गई है। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी की मांग है कि तत्काल स्मार्ट कार्ड के नाम पर 200 रूपये लेना बंद करें। यह जनता के साथ एक बड़ी लूट है। इस संबंध में इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के द्वारा जबलपुर आर.टी.ओ. कार्यालय में परिवहन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई। इस अवसर पर जिला सचिव संत कुमार रजक, जिला अध्यक्ष आईएसयू राजकुमार झारिया, वार्ड अध्यक्ष सुरेश झारिया, राष्ट्रीय संवाद प्रमुख सुबेदार मेजर निशार अहमद, राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी सैयद वाजिद अली आदि उपस्थित थे।

### नगर के एन.बी. क्षेत्री राष्ट्रीय विद्युत पावर लिफ्टिंग में पर्यवेक्षक होंगे



जबलपुर। अखिल भारतीय विद्युत स्पोर्टस कंट्रोल बोर्ड के ज्वाईट सेक्रेटरी श्री एन.बी. क्षेत्री को कोटा में 28 फरवरी से आयोजित 46वीं अखिल भारतीय विद्युत खेल नियंत्रण बोर्ड की पावर लिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता के लिये पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश विद्युत मंडल की ओर से खेलते हुये नगर के श्री क्षेत्री ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित की है एवं विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में अपनी अहम भूमिका अदा की है।

# अपर आयुक्त ने संभाग क्रमांक 3 एवं 4 के राजस्व विभाग की कि समीक्षा वसूली कार्य में तेजी लाने दिये सख्त निर्देश



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार राजस्व वसूली अभियान को गति प्रदान करने अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह के द्वारा संभाग क्रमांक 3 रामपुर एवं 4 गोरखपुर के राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली गई। समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने सभी राजस्व निरीक्षकों, सहायक राजस्व निरीक्षकों, नोटिस सर्वरों को वसूली कार्य को प्राथमिकता के साथ करने दिये सख्त निर्देश। उन्होंने कहा कि सभी बकायादारों को 173 एवं 174 के नोटिस जारी करने भी दिये निर्देश। उन्होंने कहा कि वसूली कार्य में जो भी समस्याएँ आ रहीं हैं उन्हे त्वरित आपसी समन्वय बनाकर दूर करें और फील्ड में रहकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि आगामी सप्ताह में फिर समीक्षा होगी, जिसमें सभी राजस्व निरीक्षक की परफॉरमेंस देखी जायेगी जिनका ख़राब प्रदर्शन रहेगा उन पर कार्यवाही की जायेगी। समीक्षा बैठक में संभाग क्रमांक 3 एवं 4 के राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, नोटिस सर्वर आदि उपस्थित रहे।

### प्रख्यात सितार वादक संगीत नाटक अकादमी अवार्ड विजेता अंतर्राष्ट्रीय सितार वादक नीलाद्री कुमार एवं प्रख्यात तबला वादक पद्मश्री सम्मान से सम्मानित पंडित विजय घाटे का आगमन आज

**महाशिवरात्रि के दिन बाजनामठ में देगें प्रस्तुति**



जबलपुर। प्रख्यात सितार वादक संगीत नाटक अकादमी अवार्ड विजेता अंतर्राष्ट्रीय सितार वादक नीलाद्री कुमार एवं प्रख्यात तबला वादक पद्मश्री सम्मान से सम्मानित मूलत जबलपुर निवासी पंडित विजय घाटे का आज 25 फरवरी दिन मंगलवार को मुंबई से जबलपुर आगमन हो रहा है। यह अंतर्राष्ट्रीय कलाकार द्वय बाजनामठ स्थित भैरव बाबा मंदिर में महाशिवरात्रि के दिन प्रातः 05:00 बजे अपनी प्रस्तुति



सेवा के रूप में प्रदान करेंगे। उक्त जानकारी संस्कारधानी निवासी श्रीनिवास परांजपे एवं निर्मल चौपड़ा ने दी है।

# 27 फरवरी से 5 मार्च तक दोनो समय जलापूर्ति प्रभावित रहेगी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि परियट जलाशय से राँझी जल शोधन संयंत्र में जलशुद्धिकरण करने के पश्चात विभिन्न सुरक्षा संस्थानों एवं उच्चस्तरीय टंकियों को जलापूर्ति की जाती है। परियट जलाशय में स्थित नहर, चाहिया चेम्बर एवं राँझी जल शोधन स्थित क्लीयर वॉटर टैंक का उन्नयनीकरण व सुधार कार्य किया जाना है। जिस कारण से दिनांक 27 फरवरी 2025 से 5 मार्च 2025 तक जलापूर्ति बाधित रहेगी। जिसके अंतर्गत टंकियाँ क्रमशः कुलीहिल, शोभापुर, संजय नगर (अधारताल), बजरंग नगर राँझी, संजय नगर रावण पार्क, राँझी जल शोधन संयंत्र ओव्हर हैड टैंक, शारदा नगर, मानेगांव, बिलपुरा, मढ़ई, राँझी श्मशानघाट, सुभाष नगर बिलपुरा से दिनांक 27 फरवरी से 1 मार्च तक दोनो समय एवं 2 मार्च से 5 मार्च तक सायंकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। उक्त अतिमहत्वपूर्ण कार्य संपादन के चलते क्षेत्रीय लोगों को होने वाली असुविधा के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', एम.आई.सी. सदस्य एवं जल प्रभारी दामोदर सोनी, एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने खेद व्यक्त किया है।



भोपाल -भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में इन्वेस्टिंग इन ह्यूमन केपीटल-कौशल विकास विषय पर केंद्रित सत्र में उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित कार्यबल तैयार करने की रणनीतियों पर गहन मंथन हुआ। कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल ने कहा कि उद्योगों के विकास के लिए प्रशिक्षित और दक्ष मानव संसाधन सबसे महत्वपूर्ण कारक है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक प्रगति के साथ ही प्रदेश के युवाओं को नवीनतम तकनीकों में दक्ष बनाना सरकार की प्राथमिकता है, जिससे वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सकें।



# प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जीआईएस-2025 का शुभारंभ प्रदेशवासियों के लिये गौरवशाली क्षण-डॉ. मोहन यादव



भोपाल-(आरएनएस) मध्यप्रदेश की राजधानी और झीलों की नगरी भोपाल में सोमवार को नया इतिहास रचा गया है। हमारे लिए यह गौरव की बात है कि 8 वीं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के इस ऐतिहासिक समागम का शुभारंभ हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद के साथ हुआ है। ये दो दिन मध्यप्रदेश की प्रगति और विकास के नये आयाम स्थापित करेंगे। इस वर्ष की थीम है 'अनंत संभावनाएँ', जो मध्यप्रदेश में उद्योग और निवेश की असीमित संभावनाओं को दर्शाती है। इन्वेस्टर्स समिट के रूप में निवेश मनीषियों का यह समागम अनंत संभावनाओं के साथ विकास का नया इतिहास लिखने जा रहा है। हमारे लिये सौभाग्य की बात है कि राजा भोज की नगरी भोपाल अपने गौरवशाली अतीत के साथ भविष्य की स्वप्निल उड़ान के लिये तैयार है।

हमें अति प्रसन्नता है कि दुनिया के सबसे बड़े गणतंत्र के सबसे बड़े नायक, यशस्वी प्रधानमंत्री स्वयं इस समिट के साक्षी बने और उन्होंने मध्यप्रदेश को स्वर्णिम विकास का आशीर्वाद दिया। समिट में अनेक देशों के प्रतिनिधि, उद्योग जगत के प्रमुख उद्योगपति, निवेशक बंधु, मध्यप्रदेश के प्रवासी मित्र आदि शामिल हुए हैं। मैं इस समिट में पधारे सभी निवेशकों का अपने ह्दय की गहराइयों से मध्यप्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता की ओर से स्वागत करता हूं।

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। उनके नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। आज पूरी दुनिया में भारत और भारतवासियों का सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक भारत आर्थिक और सामरिक रूप से विश्व में सर्वश्रेष्ठ शक्ति बने। प्रधानमंत्री जी के इस संकल्प के अनुरूप ही मध्यप्रदेश ने विकास की रूपरेखा तैयार की है। विकास का यह स्वरूप विरासत के साथ वैश्विक भी है।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि यशस्वी प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हम एक वर्ष पहले निवेश और औद्योगिक विकास की यात्रा पर निकले। मध्यप्रदेश क्षेत्रफल की दृष्टि से दूसरा सबसे बड़ा राज्य है। यह जल, वन,खनिज,पुरा और कृषि संपदा से समृद्ध है। विविधता से संपन्न प्रदेश के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता है, क्षमता है, मेधा है और आवश्यकता है। इसी को केन्द्र में रखकर हमने पहली बार सबसे पहले रीजनल इन्वेस्टर्स समिट का नवाचार किया। इसमें प्रदेश के हर क्षेत्र का कौशल और उद्यम शामिल हुआ। हमने व्यापार में सरलता और निवेशकों के साथ सीधे संवाद को प्राथमिकता दी। मार्च 2024 में उज्जैन से शुरू हुई इस निवेश यात्रा में जबलपुर, ग्वालियर, सागर, रीवा, शहडोल, नर्मदापुरम, मुंबई, कोयंबटूर, बेंगलुरु, कोलकाता, पुणे, दिल्ली, यूके, जर्मनी और जापान आदि शामिल हैं। इन विभिन्न सम्मेलनों, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय रोड-शोज के माध्यम से मध्यप्रदेश ने 4.8 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए हैं। इन निवेश प्रस्तावों ने लगभग 2 लाख नए रोज़गार के अवसर सृजित किए हैं, जो प्रदेश के प्रति निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है।

हमने वर्ष-2025 को 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष' के रूप में मनाने का निर्णय लिया और लक्ष्य निर्धारित किया। इसी दिशा में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कदम उठाये। निवेश को सरल,सहज और व्यवहारिक बनाने के लिए विभिन्न उद्योगों और क्षेत्रों के लिए विशेष नीतियां बनाई गईं। निवेश, उद्योग, ऊर्जा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, नवाचार, अनुसंधान, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 19 नई नीतियां लेकर आए हैं। इन नीतियों से ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल एवं गारमेंट, कृषि, दवा उत्पादन, आईटी, डाटा सेंटर एवं जी.सी.सी, एनिमेशन एवं गेमिंग, ड्रोन एवं सेमी-कंडक्टर, खनिज, पेट्रोलियम, पर्यटन, शिक्षा तथा चिकित्सा के क्षेत्र में निवेश कर अच्छा वित्तीय लाभ प्राप्त किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश को देश का टेक्सटाइल कैपिटल और मैन्युफैक्करिंग का फेवरिट डेस्टिनेशन कहा है। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। साथ ही हमें टेक्सटाइल, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी का 'ट्रिपल-टी' मंत्र दिया है, हम उस मंत्र का अनुसरण करेंगे।

हम भाग्यशाली है कि माननीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से मध्यप्रदेश को लगातार महत्वपूर्ण सौगातें मिल रही हैं। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था ने तेजी से विकास करते हुए अन्य प्रदेशों से चार गुना से अधिक प्रगति की है। केन्द्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार, डबल डिजिट की विकास दर के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है।

उद्योगों के विकास और विस्तार के लिए भूमि, जल, बिजली और कुशल कार्यबल आवश्यक है। मुझे यह बताते हुए संतोष है कि हमारे प्रदेश में सरप्लस बिजली है, पर्याप्त पानी है, विशाल लैंड बैंक है और स्किल्ड मेन पॉवर है। कुशल कार्यबल निर्मित करने के लिए हमने ग्लोबल स्किल पार्क की स्थापना की, जिसमें कौशल संवर्धन के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

प्रदेश में विकास, निर्माण और उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए ईज ऑफ डूइंग व्यवस्था की गई, देश में सबसे पहले मध्यप्रदेश लोक सेवा गारंटी लागू कर समय पर सेवाएं प्रदान करने का क्रम निर्मित किया। किसानों के लिए लाभकारी लैंड-पूलिंग योजना लागू की और कृषि उपज व्यवस्था कोसीधे उद्योग जगत से जोड़ा। मध्यप्रदेश की जीवन रेखा माँ नर्मदा से यहां जल संपदा की प्रचुरता है। मुझे यह बताते हुए खुशी है कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश को केन-बेतवा और पार्वती-काली सिंध-चंबल रिवर लिंक परियोजना की सौगात मिली है।

ऊर्जा संपन्न मध्यप्रदेश ने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में कई नवाचार किए। रीवा सोलर प्लांट से दिल्ली मेट्रो को बिजली की आपूर्ति हो रही है। वर्ष 2030 तक प्रधानमंत्री जी द्वारा नवकरणीय ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन उत्पादन का जो लक्ष्य रखा है उसमें मध्यप्रदेश महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है।

मध्यप्रदेश को देश का मुख्य इंडस्ट्रियल हब बनाने के लिए देशभर के एक्सप्रेस-वे से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। अधोसंरचना विकास के अंतर्गत मेगा फुटवेयर क्लस्टर (मुरैना), नवकरणीय ऊर्जा उपकरण निर्माण (मोहासा-बाबई) और पीएम मित्रा पार्क (धार) सहित कई बड़े प्रोजेक्ट प्रगति पर हैं। विक्रम उद्योगपुरी (उज्जैन) में मेडिकल डिवाइसेज पार्क और 06 नए औद्योगिक क्षेत्रों का विकास हो रहा है। मुझे यह बताते हुए संतोष है कि आगामी वर्ष में 13 औद्योगिक पार्क पूर्ण होंगे और 20 नए औद्योगिक पार्कों का कार्य प्रारंभ किया जाएगा, जिससे प्रदेश में निवेश और रोज़गार के नए अवसर सृजित होंगे। हमारा प्रदेश सांस्कृतिक धरोहरों से समृद्ध है। इस समिट में दुनिया भर से पधारे औद्योगिक प्रतिनिधि और निवेशक प्रदेश के पर्यटन और सांस्कृतिक वैभव से परिचित होंगे। हमने विरासत से विकास का संकल्प लिया है। भारत का वैभवशाली और समृद्ध इतिहास है। अपनी वैभवशाली विरासत के साथ इस ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्पेस टेक्नोलॉजी, डिफेंस टेक्नोलॉजी तथा अन्य प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में निवेश को केन्द्रित किया गया है।

प्रधानमंत्री जी का संकल्प है आजादी के 100वें वर्ष यानी वर्ष 2047 तक भारत को 35 ट्रिलियन डॉलर की पूर्ण विकसित अर्थव्यवस्था बनाना और विश्व की सर्वोच्च शक्ति के रूप में स्थापित करना है। विकसित भारत निर्माण के इस संकल्प में आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, पर्यावरणीय स्थिरता और सुशासन सहित विकास के विभिन्न पहलू शामिल हैं। प्रधानमंत्री जी के इस संकल्प की पूर्ति में मध्यप्रदेश सहभागी बनने के लिये प्रतिबद्ध है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से की वन-टू-वन चर्चा



भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पहले दिन सोमवार को विभिन्न उद्योगपतियों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा की। पतंजलि समूह के आचार्य बालकृष्ण ने भेंट के दौरान मुख्यमंत्री से हेल्थ एवं वेलनेस क्षेत्र में निवेश के संदर्भ में चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भेंट करने वालों में इटली के कान्सूलेट जनरल श्री वॉलटर फेरेरा भी थे। ईजीट्रिप डॉट कॉम के सीईओ एवं कॉ-फाउण्डर श्री रिकांत पिटी ने भी भेंट की और पर्यटन क्षेत्र में निवेश संबंधी चर्चा की। टॉरेंट पॉवर के श्री जिगिश मेहता एवं श्री ओमप्रकाश नेनवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में निवेश की इच्छा जताई।

आदित्य बिरला ग्रुप के प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में औद्योगिक संभावनाओं को तलाशने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा किये जा रहे प्रयासों को सराहा। हिन्डालको कम्पनी के एमडी श्री सतीश पई, एमडी ग्रेसिम श्री एच.के. अग्रवाल, एसेल माईनिंग के एमडी श्री थॉमस चेरियन, अरविंद ग्रुप के डॉ. परम शाह एवं एनटीपीसी के चेयरमैन एवं एमडी श्री गुरदीप सिंह ने भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव से वन-टू-वन चर्चा की। गोदरेज समूह के ग्रुप प्रेसीडेंट श्री राकेश स्वामी भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले। उन्होंने रियल स्टेट और टाउनशिप क्षेत्र में समूह द्वारा किए जा रहे कार्य की जानकारी दी।

## प्रधानमंत्री मोदी को भोपाल विमानतल पर दी भावभीनी विदाई



भोपाल (आरएनएस) प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय भोपाल यात्रा के बाद सोमवार को 12¬15 बजे राजकीय विमानतल भोपाल से भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से पटना रवाना हुए।

प्रधानमंत्री श्री मोदी को भोपाल से खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा, मंत्री श्री चैतन्य काश्यप, सांसद भोपाल श्री आलोक शर्मा, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, विधायक श्री भगवान दास सबनानी, विधायक श्री विष्णु खत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भावभीनी विदाई दी। इस दौरान कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस आयुक्त श्री हरिनारायण चारी मिश्रा भी उपस्थित रहे।

## मध्यप्रदेश में निवेश का सुनहरा दौर-उद्योगपतियों ने निवेश के लिए जताई सहमति

भोपाल (आरएनएस)मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं और देश-विदेश के उद्योगपति इसे एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में देख रहे हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 को लेकर उद्योग जगत में खासा उत्साह देखा जा रहा है। देश के प्रमुख उद्योगपतियों ने राज्य में निवेश को लेकर अपनी सकारात्मक प्रतिक्रियाएं दी हैं।

निवेश के साथ रोजगार सृजन

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में शामिल होने भोपाल आए उद्योगपति श्री गौतम अडाणी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ वन-टू-वन चर्चा में कहा है कि इस आयोजन में शामिल होना मेरे लिए सम्मान की बात है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की %मेक इन इंडिया% और %डिजिटल इंडिया% जैसी पहल ने देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व



में मध्यप्रदेश का विकास हो रहा है। श्री अडानी ने घोषणा की है कि उनका समूह 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ इस विकास यात्रा में आपके साथ है।

श्री अडाणी ने कहा कि उनका ग्रुप मध्यप्रदेश में सीमेंट, सीवेज, खनन, स्मार्ट-मीटर और थर्मल-एनर्जी के क्षेत्रों में 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपये का नया निवेश कर रहा है। इससे 2030 तक राज्य में 1 लाख 20 हजार रोजगार सृजन होंगे। श्री अडाणी ने बताया कि इसके साथ ही समूह एक ग्रीनफील्ड स्मार्ट-सिटी विकसित करने की योजना पर भी काम कर रही है। इसमें 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त निवेश शामिल होगा।

आशा है कि ये सभी निवेश मध्यप्रदेश की विकास यात्रा में मील का पत्थर सिद्ध होंगे। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर विदेशी निवेशकों में खासा उत्साह देखने को मिला। मुंबई स्थित स्विट्जरलैंड के वाणिज्य दूतावास के महावाणिज्य दूत मार्टिन यू. माइयर ने जीआईएस में शामिल होकर कहा कि यह मेरे लिए बेहद रोमांचक है। मैं पहली बार मध्यप्रदेश आया हूं और भोपाल में यह देखना चाहता हूं कि यहां क्या संभावनाएं हैं।

उन्होंने कहा कि स्विट्जरलैंड, आइसलैंड, लिचेंस्टाइन और नॉर्वे सहित यूरोपीय फ्री ट्रेड एसोसिएशन (श्वस्नञ्ज) देशों ने भारत के साथ व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (ञ्जश्वक्क) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत अगले 15 वर्षों में भारत में 100 बिलियन डॉलर का निवेश किया जाएगा।

**हेल्थ केयर, फार्मास्युटिकल्स एवं मेडिकल डिवाइसेज सेशन में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र में निवेश के लिये किया आमंत्रित**

## आयुष्मान भारत योजना से स्वास्थ्य सेवा और फार्मा क्षेत्र में असीम संभावनाएँ हुई हैं विकसित- उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल-(आरएनएस)उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकताओं में हेल्थ सेक्टर महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति को शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार का प्राथमिक लक्ष्य है। मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाएँ तेज गति से बढ़ रही हैं। निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अधोसंरचना विकास और सहयोगी इन्वेस्टर पॉलिसी से निवेश बढ़ रहा है। आयुष्मान भारत योजना से स्वास्थ्य सेवा और फार्मा क्षेत्र में असीम संभावनाएँ विकसित हुई हैं। आज हेल्थ सेवा क्षेत्र की जरूरतों की पूर्ति के लिये निजी क्षेत्र के पास असीम अवसर हैं। वर्तमान में भारत में और मध्यप्रदेश में मांग की कोई कमी नहीं है। राज्य में कॉमन फैसिलिटी सेंटर बनाए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में ड्राई पोर्ट हैं और लॉजिस्टिक्स की दृष्टि से यह एक उपयुक्त राज्य है। उन्होंने कहा



कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष प्रस्तावों के लिए वन-टू-वन चर्चा कर जनहित में आवश्यक प्रावधान भी करेंगे। जिससे सभी को लाभ मिले सकें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने हेल्थ केयर, फार्मास्युटिकल्स एवं मेडिकल डिवाइसेज सेशन में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र में निवेश के लिये निवेशकों को आमंत्रित किया। सरकार की नीयत और नीतियाँ औद्योगिक विकास के लिए अनुकूल¬ राज्य मंत्री श्री पटेल राज्य मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि सरकार की नीयत और नीतियाँ औद्योगिक विकास के लिए अनुकूल हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में अभूतपूर्व औद्योगिक वातावरण बना है, जिससे निवेशकों को आकर्षित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश नीतियों, अधोसंरचना और केंद्रीय लोकेशन के कारण फार्मा क्षेत्र के लिए बन रहा है आदर्श गंतव्य¬ सचिव श्री अग्रवाल सचिव, फार्मास्यूटिकल्स विभाग, भारत सरकार श्री अमित अग्रवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश अपनी ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस नीति, लॉजिस्टिक हब और केंद्रीय लोकेशन के कारण इस क्षेत्र के लिए एक आदर्श गंतव्य बनता जा रहा है। मध्यप्रदेश में उज्जैन मेडिकल डिवाइस पार्क के माध्यम से इस क्षेत्र को और गति मिल रही है, जिससे निवेश और उत्पादन को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर दवा निर्माण में अग्रणी है, जहाँ 50 बिलियन डॉलर का एक्सपोर्ट होता है, जो कुल वैश्विक जेनेरिक दवा बाजार का 20त्न है। भारत 190 देशों को दवाओं का निर्यात करता है और सख्त मानकों का पालन करता है। मेडिकल डिवाइस सेक्टर का बाजार 15.35 बिलियन डॉलर का है, जिसमें उच्च गुणवत्ता वाले लाइनैक, कोबाल्ट, एमआरआई, सीटी स्कैन्स, वाल्व्स, ऑक्लूडर्स और इम्प्लांट्स जैसे एडवांस डिवाइसेज़ भारत में किफायती दरों पर बन रहे हैं। भारत 173 देशों को लगभग 4 बिलियन डॉलर मूल्य के मेडिकल डिवाइसेज़ का निर्यात कर रहा है। मेडिकल टूरिज्म के तहत बीते 5 वर्षों में 2.3 मिलियन मेडिकल वीज़ा जारी किए गए हैं। इनोवेशन ईको सिस्टम में लाइफ साइंसेज स्टार्ट-अप्स तेज़ी से बढ़ रहे हैं, बॉयो सिमिलर ड्रग्स में 98 स्वीकृत दवाएँ हैं, और‌द्ब से जुड़ी 4 लाख से अधिक प्रशिक्षित मैन पॉवर उपलब्ध है। । प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश में बड़ा कंज्यूमर मार्केट, केंद्रीय लोकेशन, लैंडपूल, पॉवर सरप्लस और अन्य आवश्यक अधोसंरचनाएँ एवं सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

## मध्यप्रदेश में विश्वास के साथ करे निवेश-मुख्य सचिव जैन

**इंडो-जर्मन इनोवेशन कॉरिडोर सेशन में निवेश की सम्भावनाओं पर हुई चर्चा**

भोपाल-(आरएनएस)ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पहले दिन कंट्री सेशन में कई देशों ने मध्यप्रदेश के साथ व्यापारिक संबंध बढ़ाने की रणनीति और संभावनाओं पर चर्चा की। पहला संवाद सत्र जर्मनी के साथ हुआ। जर्मन- इंडो इनोवेशन कॉरिडोर में जर्मनी के भारत और मध्यप्रदेश के साथ व्यापार पर विस्तृत चर्चा हुई।

कंट्री सेशन में इण्डो- जर्मन कॉमर्स के डायरेक्टर जनरल श्री स्टीफन, श्री आंद्रे, डॉ. चाना और उद्योगपति श्री नितेश चौधरी शामिल हुए। मध्यप्रदेश सरकार की ओर से मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने सहभागिता की। इण्डो-जर्मन कॉमर्स के डायरेक्टर जनरल श्री स्टीफन ने कहा कि भारत के साथ जर्मनी का व्यापार उल्लेखनीय स्तर पर है। जर्मनी की मध्यप्रदेश के साथ व्यापार की असीम संभावनाएं है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में मौजूद खनिज, हरित ऊर्जा और कनेक्टिविटी की संभावनाओं पर निवेश के अनेक अवसर हैं। प्रदेश की नीतियां भी निवेश के अनुकूल है। एम.डी. श्री आंद्रे एगोल ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 %मेड इन इण्डिया और फॉर इन इण्डिया% के उद्देश्य को मजबूती प्रदान करेगा। उद्योगपति डॉ. चाना ने मध्यप्रदेश के साथ अपने सकारात्मक व्यापारिक अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि विगत 15 सालों में मध्यप्रदेश की निवेश और सराहनीय औद्योगिक प्रगति हुई है। नदी जोड़ों परियोजनाओं ने औद्योगिक संभावनाओं को और अधिक विस्तृत कर दिया है। रसायन उद्योग से जुड़े श्री नितेश चौधरी ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का ह्रदय प्रदेश है। प्रदेश की भोगौलिक स्थिति उद्योगों की स्थापना के लिये रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रदेश में सड़कों और रेल कनेक्टिविटी बेहतर होने से स्वास्थ्य, शिक्षा और खनिज आधारित उद्योग की असीम संभावनाएं मौजूद है।

जर्मन निवेशकों और उद्योगपतियों ने प्रदेश के साथ व्यापारिक अनुभव और नई संभावनाओं पर अनुभव साझा किए। श्रीमती सीमा भारद्वाज ने जर्मन निवेशकों और उद्योगपतियों से प्रदेश की उद्योग मित्र नीतियां, संसाधनों के दोहन, उद्योग स्थापना पर सरकार और प्रशासन के सहयोग और प्रदेश में उपलब्ध मानव संसाधनों का फीडबैक लिया। सभी निवेशकों ने एकमत और एकराय से प्रदेश की उद्योग नीति, कानून और व्यवस्था, उद्योगों की स्थापना के लिए प्रक्रिया की सराहना की। श्री मुकेश हजेला चेयरमेन ई मेरिटस एनआईसीटी जीआईआईसी ने कहा कि मध्यप्रदेश और जर्मन कंपनियों के बीच साझेदारी का कारण केवल आर्थिक नहीं बल्कि सामाजिक भी है। कई जर्मन संस्थाओं से सामाजिक विकास के लिए अनुदान मिलता है। इसके अलावा महिलाओं से जुड़े आर्थिक मुद्दों, शहरी विकास तथा कौशल विकास के लिये भी अनुदान राशि मिलती है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश जर्मन निवेश कम्पनियों को कौशल संपन्न मानव संसाधन उपलब्ध कराने में भी सक्षम है।



अर्थात शिवजी के सुंदर मस्तक पर चन्द्रमा, सिर पर गंगाजी, तीन नेत्र, साँपों का जनेऊ, गले में विष और छाती पर नरमुण्डों की माला थी। इस प्रकार उनका वेष अशुभ होने पर भी वे कल्याण के धाम और कृपालु हैं। भगवान शंकर के मस्तक पर चन्द्रमा को सुशोभित कर दिया गया। किसी ने पूछा, कि हे भोलेनाथ! आपने उस चन्द्रमा को सीस पर स्थान क्यों दिया, जो कि मन की भाँति चँचल है। गौतम नारि अहल्या का जिसने शील भँग करने का कुप्रयास किया हो, क्या उसे सीस पर सजाना उचित है?



## कांग्रेस संगठन में बदलाव

देश की सबसे पुरानी पार्टी में ताजा बदलाव हवा के ताजा झोंके की तरह है। कांग्रेस ने अपने संगठनात्मक बदलाव शुरू कर दिए हैं। 3 दिन पहले पार्टी ने 2 राज्यों के महासचिव और 9 के लिए प्रभारियों नियुक्त की है। खास बात है कि इस फैसले पर राहुल गांधी की छाप खास नजर आ रही है। बानगी के तौर पर युवाओं को मौका देने के साथ ही ओबीसी और अल्पसंख्यक समाज के नेताओं को भी तरजीह दी गई है। दरअसल, कांग्रेस फिलवक्त अपने सबसे चुनौतीपूर्ण और मुश्किल दौर में है। जब से पार्टी ने केंद्र की सत्ता गंवाई है उसके बाद से ही उसे खुद को साबित करने के लिए जूझना पड़ रहा है। कई अजीज और पार्टी की वर्षो से खिदमत करने वाले निष्ठुरता के साथ हाथ' को झटकते हुए धुर विरोधी सोच वाली पार्टी के खेवनहार बन गए। गौर करने वाली यह है कि किसी भी पार्टी के लिए सत्ता गंवाना उतना कष्टप्रद नहीं रहता जितना वफादार कार्यकर्ताओं का साथ छोड़ जाना। बहरहाल, कांग्रेस ने अनुभवी और परखे हुए नेताओं को जिम्मेदारी देने के साथ-साथ युवा चेहरों को खास तवज्जो दी है। साथ ही राहुल गांधी ने सामाजिक न्याय के एजेंडे को धार देने के लिए कांग्रेस के संगठन में भी सामाजिक न्याय की कवायद शुरू कर दी है। राहुल 2024 में संपन्न लोक सभा चुनाव के समय से ही सामाजिक न्याय की वकालत और इसे धार देने की कोशिश में जी-जान से जुड़े दिखते हैं। खासकर जाति जनगणना की मांग और पिछड़ों व दलितों की हिस्सेदारी को लेकर वो काफी मुखर रहे हैं। संगठन में बदलाव भी उनकी इसी सोच को परिलक्षित करता दिखता है। पार्टी संगठन में जिन 11 लोगों की नियुक्त हुई है, उसमें चार ओबीसी, दो दलित, एक आदिवासी और एक अल्पसंख्यक समाज से हैं, तीन सवर्ण वर्ग से हैं, जिनमें रजनी पाटिल, मीनाक्षी नटराजन और कृष्ण अल्लावरु हैं।

# औपचारिक और बेहतर कर्ज से किसानों की बढ़ती उत्पादकता

साल 2025-26 के बजट में किसान क्रेडिट कार्ड पर किसानों को मिलने वाले तीन लाख रूपए के कर्ज को बढ़ाकर पांच लाख कर दी गई है। इसका जिक्र करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में एक्स पर लिखा है कि इससे सब्जी-फल, हॉर्टिकल्चर की खेती करने वाले किसानों को विशेष रूप से लाभ होगा। अब वे खेती में ज्यादा पैसे लगा सकते हैं, ये उत्पादन की लागत घटाने के उपाय हैं। हालांकि किसान संगठनों को लगता है कि इसका जितना फायदा सोचा जा रहा है, उतना नहीं होने वाला है। किसान संगठनों की मांग है कि किसान क्रेडिट की सीमा बढ़ाने के साथ ही किसानों पर बकाया कर्जों को अगर माफ कर दिया जाए तो किसान जहां ज्यादा खुशहाल होंगे। भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार, देश की कुल जनसंख्या का 46.1 प्रतिशत हिस्सा खेती-किसानी और उससे जुड़े कार्यों से अपनी रोजी-रोटी चलाता है। हालांकि कुछ जानकारों का मानना है कि यह संख्या और भी ज्यादा हो सकती है। सरकार के ही आंकड़ों के अनुसार देश के 12 करोड़ किसान परिवार सीमांत हैं। इनमें करीब 35 प्रतिशत की जोत 0.4 हेक्टेयर से कम है, जबकि 69 प्रतिशत किसानों के पास एक हेक्टेयर से कम जमीन है। आंकड़ों के अनुसार देश के 82 प्रतिशत किसान छोटे या सीमांत हैं। जिनकी जोत 0.4 हेक्टेयर से कम है, उनकी खेती से सालाना आमदनी आठ हजार रूपए के आसपास है। जाहिर है कि देश के किसानों के बड़े हिस्से के पास बिक्री के लिए उपज ही नहीं होती। खेती के जरिए वे जो अन्न या सब्जी उपजाते हैं, उनका इस्तेमाल अपने खाने-पीने में ही करते हैं। नरेंद्र मोदी सरकार ने 2014 में सत्ता संभालते ही किसानों की आय 2022 तक दोगुना करने का वादा किया था। उसके लिए जो कदम उठाए गए, उसी कड़ी में किसान क्रेडिट कार्ड की शुरूआत भी थी। इसके फायदे हुए भी हैं। लेकिन जो लक्ष्य रखा गया था, उसे पाना अब भी कठिन चुनौती बना हुआ है। शिवराज सिंह चौहान का कहना ठीक है कि किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने का फायदा किसानों को होगा। इसकी तस्दीक हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर हुए कृषि सर्वेक्षण से जुड़े घरेलू स्तर के आंकड़ों का आकलन भी बताता है। घरेलू स्तर के आंकड़ों के जरिए कृषि में उत्पादकता और उसके जोखिम के साथ ही कृषि ऋण के प्रभाव का आकलन भी किया गया था। इस आकलन के नतीजे बताते हैं कि अगर किसानों को समय पर उचित कर्ज मिलता है तो उससे उसकी उत्पादकता में 24 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दिखने लगती है। इससे किसानों को होने वाले नुकसान का जोखिम 16 फीसद तक कम हो जाता है। महाजनी सभ्यता और अनौपचारिक कर्ज व्यवस्था के जोखिम और उससे उपजे खराब हालात से जूझते किसानों की दयनीय और मार्मिक कहानियों से भारतीय साहित्य भरा पड़ा है। हिंदी कथा सम्राट प्रेमचंद का मशहूर उपन्यास गोदान ऐसी ही कथाभूमि पर रचा गया गया है। उसे कृषक के दारूण जीवन की महागाथा कहा जाता ही है। बहरहाल यह अध्ययन मानता है कि किसानों को अगर औपचारिक क्षेत्र का ऋण मिलता है तो उसकी उपज और उसकी जिंदगी पर उस कर्ज का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, जबकि अनौपचारिक यानी महाजनी कर्ज व्यवस्था का किसानों के जीवन पर नकारात्मक प्रभाव अधिक होता है। साफ है कि किसानों को अगर सही तरीके से औपचारिक कर्ज सही वक्त पर दीर्घकालिक अवधि के लिए मिले तो उसकी जिंदगी में महत्वपूर्ण बदलाव आ सकता है। कुछ अन्य अध्ययन भी बताते हैं कि अगर किसानों को समय पर दीर्घकालिक और औपचारिक कर्ज मिलता है तो उसकी खेती को जरूरतों को पूरा करने में उसे मदद मिलती है। इससे उसकी उत्पादकता बढ़ने की गुंजाइश बढ़ जाती है। किसान की उपज बढ़ जाती है, फसल तैयार भी हो जाती है, लेकिन उसे बेचने के लिए सही बाजार तक पहुंच के लिए रकम नहीं होती तो उसे अपनी फसल और उपज औने-पौने दामों में बेचनी पड़ती है। लेकिन अगर किसान को सही तरीके से औपचारिक कर्ज मिलता है तो उस पर तात्कालिक आर्थिक दबाव नहीं रहता और फ़सल के बाद के खर्चों को पूरा करने में उसे मदद मिलती है। अगर किसानों के पास कुछ पैसे रहते हैं तो उस पर घरेलू जरूरतों का दबाव नहीं झेलना पड़ता और उसे अपने घरेलू खर्चों को पूरा करने में जहां सहायता मिलती है, वहीं इसके लिए उसे अपनी उपज सेंतमेत में बेचने को मजबूर नहीं होना पड़ता। इस कर्ज से किसान अपने कृषि उपकरणों और दूसरी अवसंरचनाओं को आसानी से रखरखाव कर सकता है। अध्ययन बताते हैं कि समय बद्ध और सहूलियत भरे अधिक कर्ज के जरिए किसानों को पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन जैसे कृषि आधारित और सहयोगी कामों को आगे बढ़ाने में मदद होती है। इस पूरी प्रक्रिया का असर यह होता है कि किसान की आर्थिक सुरक्षा मज़बूत हो जाती है। तब वह बाजार और अपने उपज की वाजिब कीमत का इंतजार भी कर सकता है। आर्थिक सहूलियत रहने से समय पर वह जरूरी खाद और दवाओं को खरीदकर उनका खेती में इस्तेमाल कर सकता है।

## कितनी उचित है गंगाजल पर बयान बाजी

शांतिपूर्वक संपन्न हो रहे कुंभ में ऐसी दो दुर्घटनाएं होने के बाद भी कुंभ स्नान करने वालों की संख्या में कमी नहीं हुई बल्कि दिन प्रतिदिन यह संख्या बढ़ती ही जा रही है। वर्तमान में हर दिन सवा करोड़ से अधिक लोग महाकुंभ में गंगा स्नान कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज शहर में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। विद्वानो का कहना है कि 144 वर्षों के बाद इस बार का महाकुंभ विशेष योग में संपन्न हो रहा है। ऐसे में यहां स्नान करने का सर्वाधिक महत्व है। मकर संक्रांति से प्रारंभ होकर महाशिवरात्रि तक चलने वाला महाकुंभ अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के महाकुंभ में स्नान कर लिया है। समापन तक यह संख्या करीबन 65 करोड़ पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है।

इस बार महाकुंभ में जितने लोगों ने स्नान किया है वह दुनिया के एक-दो देशों को छोड़कर अधिकांश देशों की कुल जनसंख्या से भी अधिक होती है। भारत के ही नहीं अपितु विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में स्नान कर पूजा अर्चना की है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, सांसद, विधायक सहित देश के आम लोगों के मन में कुंभ स्नान के प्रति जो श्रद्धा देखी जा रही है। वैसी श्रद्धा इससे पहले शायद ही देखी गई होगी। हालांकि मौनी अमावस्या के अवसर पर महाकुंभ के संगम तट पर भगदड़ मचने से करीबन 37 लोगों की भीड़ में दबकर मौत हो गई थी। इसी तरह कुंभ आने के लिए नई दिल्ली स्टेशन पर एकत्रित भीड़ में भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण थी जिसमें प्रशासनिक लापरवाही का भी बहुत बड़ा हाथ माना जा रहा है। हालांकि दोनों ही घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच हो रही है।

## नगर निगम में भ्रष्टाचार और बिल्डरों की मनमानी पर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी, लेकिन कुछ भी नहीं बदलेगा?

इस देश के किसी भी शहर के किसी भी नगर निगम या विकास प्राधिकरण के कार्यालय चले जाइए, बाहर घूमते दलालों की फौज यह बताते हुए नजर आती है कि वहां किस पैमाने पर भ्रष्टाचार फैला हुआ है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तो यह है कि भ्रष्टाचार को खत्म करने के तमाम दावों के बावजूद आम लोगों का रिश्वत दिए बिना कोई काम हो पाना, आज भी उतना ही मुश्किल है जितना कई वर्षों या दशकों पहले हुआ करता था। हालत यह है कि कोई भी व्यक्ति अपना निजी रिहायशी मकान बनवाने के लिए जैसे ही घर के सामने रेत,रोड़ी,बदरपुर और ईंट मंगवाते हैं वैसे ही पुलिस और नगर निगम अथवा विकास प्राधिकरण का कोई न कोई बंदा रिश्वत की मांग को लेकर पहुंच जाता है। लेकिन इन्ही के इलाके में बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण होते रहते हैं, बिल्डरों की मनमानी चलती रहती है और ये चुप्पी साध कर बैठे रहते हैं। दिल्ली से सटे गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर जैसे जिलों में तो हालात कहीं ज्यादा भयावह और बेकाबू हो चुके हैं। शहरीकरण की अंधी दौड़ में भ्रष्टाचार और बिल्डरों की मनमानी के कारण आम लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। देश की राजधानी दिल्ली की हालत भी इस मामले में बेहतर नहीं है। दिल्ली नगर निगम के कामकाज के बारे में तो सब जानते हैं। अब सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए दिल्ली नगर निगम पर जिस तरह की तल्ख टिप्पणी कर दी है, उससे एक बार फिर से एमसीडी की कड़वी सच्चाई बाहर आ गई है। सुप्रीम कोर्ट ने चांदनी चौक में अवैध निर्माण को लेकर दिल्ली नगर निगम की निष्क्रियता पर गंभीर टिप्पणी करते हुए यहां तक कह दिया कि क्या दिल्ली नगर निगम बिल्डरों के हाथ में चल रहा है ? सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच के सामने सोमवार को एक मामले में दिल्ली नगर निगम ने तर्क दिया कि हाई कोर्ट के आदेश के बाद अवैध निर्माण को हटा दिया गया था और इसकी रिपोर्ट भी उपलब्ध है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली नगर निगम के रवैये पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि, कोई पीआईएल दायर करता है, तब जाकर आप जागते हैं और दिखावे की कार्रवाई करने लगते हैं। हाई कोर्ट भी आपकी बातों को मानकर मामले को बंद कर देता है। क्या नगर निगम बिल्डरों के हाथ में चल रहा है ? सर्वोच्च न्यायालय ने सीबीआई से जांच करवाने की बात कहते हुए दिल्ली नगर निगम को कारण बताओ नोटिस भी जारी कर दिया है,जिसमें यह पूछा गया कि मामले की गहन जांच क्यों न कराई जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में केवल मौके का मुआयना ही काफी नहीं है, बल्कि दिल्ली नगर निगम की कार्यप्रणाली की भी जांच होनी चाहिए, ताकि यह पता चल सके कि अवैध निर्माण की अनुमति किन कारणों से दी गई। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को आर्किटेक्ट एवं इंजीनियर जैसे स्वतंत्र विशेषज्ञों के नाम सुझाने को भी कहा है, जो साइट का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट दे सके। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट सीबीआई जांच को लेकर अपना फैसला दे सकती है। क्योंकि दिल्ली नगर निगम के बयान पर दिल्ली हाई कोर्ट इससे पहले बाग दीवार, फतेहपुरी, चांदनी चौक में अवैध निर्माण को हटाने संबंधी याचिका का निपटारा कर चुका है।

## भगवान शंकर के श्रृंगार में मानों पूरी सृष्टि का योगदान था

भगवान शंकर के सुंदर श्रृंगार में मानों संपूर्ण सृष्टि का ही योगदान हो रहा था। उनके पावन दिव्य तन पर भस्म का लेपन भी हो चुका था। गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं, कि भगवान शंकर के अब तक ऐसे भिन्न-भिन्न श्रृंगार हो चुके थे- अर्थात शिवजी के सुंदर मस्तक पर चनद्रमा, सिर पर गंगाजी, तीन नेत्र, साँपों का जनेऊ, गले में विष और छाती पर नरमुण्डों की माला थी। इस प्रकार उनका वेष अशुभ होने पर भी वे कल्याण के धाम और कृपालु हैं। भगवान शंकर के मस्तक पर चन्द्रमा को सुशोभित कर दिया गया। किसी ने पूछा, कि हे भोलेनाथ! आपने उस चन्द्रमा को सीस पर स्थान क्यों दिया, जो कि मन की भाँति चँचल है। गौतम नारि अहल्या का जिसने शील भँग करने का कुप्रयास किया हो, क्या उसे सीस पर सजाना उचित है? भगवान शंकर प्रश्नकर्ता की यह जिज्ञासा सुन मुस्करा पड़े। तब उन्होंने बताया कि समुंद्र मंथन के पश्चात, अमृत कलश को लेकर, जब असुर और देवताओं में संघर्ष हो रहा था, तो राहु चन्द्रमा का वध करने के लिए उसके पीछे लगा था। नि:संदेह चन्द्रमा से पाप तो हुआ था, किंतु उसके पश्चात उसने गहन पश्चाताप भी किया था। चन्द्रमा को जब राहु से कहीं चैन न मिला, तो रक्षार्थ वह अन्तत: मेरी ही शरण में आया था। हे जिज्ञासु! सदैव याद रखना, कि नाला कीचड़ में कितना भी मलिन क्यों न हो, अगर वह गंगाजी में स्वयं को नयौछावर कर देता है,

## काशी तमिल संगमम संस्कृतियों के अभूतपूर्व संगम

नितिन प्रधान

देश दुनिया में अभी प्रयागराज में संगम तट पर चल रहे महाकुंभ को लेकर भारतीय संस्कृति की चर्चा हो रही है। तीन नदियों के संगम में करोड़ों सनातनी आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। यह क्रम जारी है।

26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन तक यह सिलसिला देखने को मिलेगा। इसी बीच काशी में गंगा तट पर काशी तमिल संगमम 3.0 चल रहा है। अपने तीसरे संस्करण में यह 24 फरवरी तक सनातनियों के लिए आत्मीय संबंध को नया आयाम देगा। काशी के पवित्र घाटों पर आयोजित काशी तमिल संगमम 3.0 वास्तव में गंगा और गोदावरी के मिलन जैसा अनुभव कराता है। गंगा घाटों पर जब तमिलनाडु और दक्षिण भारत के श्रद्धालु पहुंचते हैं तो यह केवल यात्रा नहीं, बल्कि संस्कृतियों के अभूतपूर्व संगम का उत्सव बन जाता है। काशी तमिल संगमम 3.0 इस भावनात्मक और सांस्कृतिक एकता का सजीव उदाहरण है, जहां दक्षिण और उत्तर भारत की परंपराएं एक-दूसरे में समाहित होती नजर आती हैं।

भारत की दो प्राचीन और समृद्ध सभ्यताओं का आत्मीय संगम है। गंगा के किनारे लोग एक-दूसरे को 'वणक्कम काशी' कहकर संबोधित करते हैं, तो यह अनूठा और भावनात्मक अनुभव बन जाता है। काशी तमिल संगमम 3.0 न केवल उत्तर और दक्षिण भारत के बीच संस्कृति सेतु का कार्य कर रहा है बल्कि यह 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा को भी साकार कर रहा है। यह संगमम 3.0 भारतीय परंपराओं, संस्कृतियों और जीवन मूल्यों का उत्सव है, जो विविधताओं के बीच राष्ट्रवाद की भावना को और प्रबल करता है। यह उत्तर और दक्षिण भारत के बीच सांस्कृतिक सेतु के रूप में कार्य कर रहा है। जब तमिलनाडु से यात्री वाराणसी रेलवे स्टेशन पर उतरते हैं, तो उनका स्वागत 'हर हर महादेव' के जयघोष से किया जाता है।

ढोल-नगाड़ों की थाप, स्वस्तिवाचन और पुष्पवर्षा से हर यात्री स्वयं को विशिष्ट अनुभव करता है। कांचीपुरम, जिसे संक्षेप में कांची कहा जाता है, तमिलनाडु का महत्त्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र है। यह क्षेत्र हिन्दू धर्म के प्राचीन तीर्थ स्थलों में से है, यहां कई ऐतिहासिक मंदिर स्थित हैं। कांची पलार नदी के किनारे बसी है, न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है बल्कि अपनी रेशमी साड़ियों के लिए भी प्रसिद्ध है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, ब्रह्मा ने यहां देवी के दर्शन हेतु तपस्या की थी। कांची को मोक्षदायिनी सप्त पुरियों में स्थान प्राप्त है, जिनमें अयोध्या, मथुरा, द्वारका, हरिद्वार, काशी, उज्जैन और कांची शामिल हैं।००

## मंगलवार को हनुमान जी का व्रत करने से दूर होंगे कष्ट, जानिए पूजन विधि और कथा

मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित होता है। हनुमान जी पराक्रम, बल, सेवा और भक्ति के आदर्श देवता माने जाते हैं। इसी वजह से हनुमान जी को सकलगुणनिधान भी कहा गया है। हनुमान जी इकलौते ऐसे देवता हैं, जो हर युग में किसी न किसी रूप और गुणों के साथ जगत के लिए संकटमोचन बनकर मौजूद रहते हैं। धार्मिक शास्त्रों में कहा गया है कि हनुमान जी की सेवा करने और व्रत रखने से भक्तों पर उनकी विशेष कृपा बनी रहती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मंगलवार की व्रत कथा और पूजन विधि के बारे में बताने जा रहे हैं। ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक हनुमान जी का व्रत करने से कुंडली में मौजूद सभी ग्रह शांत होते हैं। साथ ही जातक को हनुमान जी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। संकटमोचन हनुमान जी अपने भक्तों पर आने वाले हर संकट को दूर करते हैं। वहीं संतान प्राप्ति के लिए हनुमान जी का व्रत फलदायी माना जाता है। साथ ही इस व्रत को करने से भूत-प्रेत और काली शक्तियों का प्रभाव नहीं पड़ता है। वहीं इस व्रत को करने से सम्मान, साहस और पुरुषार्थ बढ़ता है। एक समय की बात है जब एक ब्राह्मण दंपत्ति प्रेमभाव से रहते थे।

## बेहतर स्थिति में भारतीय अर्थव्यवस्था

सतीश सिंह

खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दर जनवरी महीने में कम होकर 4.31 प्रतिशत के स्तर पर आ गई, जो पिछले 5 महीनों में सबसे कम है। यह दिसम्बर महीने में 5.22 प्रतिशत के स्तर पर थी, जबकि जनवरी 2024 में यह 5.1 प्रतिशत के स्तर पर थी। इससे पहले नवम्बर महीने में महंगाई दर 5.48 प्रतिशत के स्तर पर थी।

महंगाई के बास्केट में लगभग 50 प्रतिशत योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इनकी महंगाई महीने दर महीने आधार पर जनवरी महीने में घटकर 6.02 प्रतिशत के स्तर पर आ गई। दिसम्बर महीने में यह 9.04 प्रतिशत से घटकर यह 8.39 प्रतिशत के स्तर पर आ गई थी, जो जनवरी 2024 में 8.30 प्रतिशत के स्तर पर थी। वहीं, ग्रामीण महंगाई दिसम्बर महीने में 5.95 प्रतिशत से घटकर 5.76 प्रतिशत और शहरी महंगाई 4.89 प्रतिशत से घटकर 4.58 प्रतिशत के स्तर पर आ गई थी। मौजूदा गिरावट की सबसे बड़ी वजह सब्जियों की कीमतों में भारी कमी का आना है। आंकड़ों के मुताबिक खाद्य और पेय पदाथरे की महंगाई जनवरी महीने में 5.68 प्रतिशत के स्तर पर रही, जबकि दिसम्बर महीने में यह 7.7 प्रतिशत के स्तर पर थी। खास तौर पर सब्जियों की कीमतें 25.6 प्रतिशत से कम होकर 11.35 प्रतिशत के स्तर पर आ गई, जिससे आमजन को भारी राहत मिली है। इसी क्रम में अनाज की महंगाई जनवरी महीने में 6.24 प्रतिशत के स्तर पर रही, जो दिसम्बर महीने में 6.5 प्रतिशत के स्तर पर रही थी। मांस और मछली की महंगाई जनवरी महीने में 5.25 प्रतिशत के स्तर पर आ गई, जो दिसम्बर महीने में 5.3 प्रतिशत के स्तर पर थी। गौरतलब है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने दिसम्बर महीने में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए महंगाई के अनुमान को 4.8 प्रतिशत कर दिया था, जबकि इसके पहले केंद्रीय बैंक ने इसे 4.5 प्रतिशत के स्तर पर रहने का अनुमान जताया था। वहीं, वित्त वर्ष 2025 और वित्त वर्ष 2026 में महंगाई के भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के आसार हैं। किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुद्रास्फीति बढने पर वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीदारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग कम हो जाती है। फिर, उनकी बिक्री कम होती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, कंपनी को घाटा होता है, कामगारों की छंटनी होती है, रोजगार सृजन में कमी आती है आदि। फलत- आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं एवं विकास की गति बाधित होती है। ऐसे में यह कहना समीचीन होगा कि महंगाई को कम करने से ही विकास की रफ्तार तेज हो सकती है। राष्टीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जीडीपी के वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने पहले अग्रिम अनुमान में जीडीपी वृद्धि दर के 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो पिछले 3 वित्त वर्षो से कम है। गत वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही थी। वहीं, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान जीडीपी के 6.6 प्रतिशत की दर से आगे बढने का अनुमान जताया है।

वैसे,भारत की जीडीपी वृद्धि दर के कम होने के बावजूद दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका से भारतीय अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है और आगामी वर्षो में भी इसके मजबूत बने रहने के आसार हैं। वित्त वर्ष 2024 के दौरान अमेरिका में विकास दर के 2.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2025 में 2.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इधर, खनन और विनिर्माण क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन के कारण दिसम्बर 2024 में भारत औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) वृद्धि दर कम होकर 3.2 प्रतिशत के स्तर पर आ गई। साथ ही, सरकार ने नवम्बर 2024 के आईआईपी आंकड़ों 5.2 प्रतिशत से संशोधित करके 5.00 प्रतिशत कर दिया है। खनन व विनिर्माण क्षेत्र की धीमी रफ्तार और विगत दो तिमाहियों में जीडीपी की धीमी गति को देखते हुए, सरकार विकास की गति को बढ़ाना चाहती है। इसलिए, बजट में भी निवेश, बचत और खपत को बढ़ाने पर जोर दिया गया है, क्योंकि इनमें तेजी लाकर ही आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाकर विकास को गति दी जा सकती है।

आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने 7 फरवरी को की गई मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की, जिससे यह 6.50 प्रतिशत से घटकर 6.25 प्रतिशत के स्तर पर आ गया। गौरतलब है कि करीब 5 सालों के बाद रेपो दर में कटौती की गई है। मुख्य तौर पर महंगाई के कारण केंद्रीय बैंक अभी तक रेपो दर में कटौती करने से परहेज कर रहा था। पिछले दो सालों में 14 प्रतिशत से 16 प्रतिशत के बीच की ऋण वृद्धि रहने के बाद समग्र क्रेडिट ग्रोथ बीते कुछ महीनों से धीमी हो रही है और दिसम्बर 2024 में यह घटकर 11.2 प्रतिशत के स्तर पर आ गई है। इसका एक बड़ा कारण उधारी दर का महंगा होना है। दरअसल, बैंकों के पास सस्ती पूंजी नहीं है। इसलिए वे महंगी दर पर ऋण देने के लिए मजबूर हैं और महंगी दर पर ऋण उपलब्ध होने के कारण आमजन और कारोबारी ऋण लेने से बच रहे हैं। इस वजह से, कंपनियों के पास पूंजी की कमी है, जिसके कारण वे पूरी क्षमता के साथ उत्पादन नहीं कर पा रहे हैं।

आरबीआई द्वारा रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने से बैंकों को सस्ती दर पर पूंजी मिलेगी और वे सस्ती दर पर ऋण दे सकेंगे और जब सस्ती दर पर उधार मिलेगा तो आमजन और कारोबारी दोनों ऋण लेंगे, जिससे निवेश और बचत दोनों में तेजी आएगी और खपत बढ़ेगी साथ ही साथ आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी। बजट में सरकार ने साफ तौर पर बता दिया है कि उसका मकसद विकास को गति देना है। दो तिमाहियों में जीडीपी वृद्धि दर के कम होने के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है साथ ही साथ भारत का विकास दर विकसित देशों से भी अधिक है। इसलिए विकास दर में और भी इजाफा लाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में कटौती की है। पुनश्च- जनवरी महीने में महंगाई में कमी आने से आगामी मौद्रिक समीक्षाओं में भी रेपो दर में कटौती करने का रास्ता साफ हो गया है,

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दोपहर तक आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। विरोधी आज आपके बारे मे अफवाहें फ़ैलाने के लिए तैयार बैठे हैं ऐसा कोई मौका ही न दें।

वृष राशि : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज पूरा दिन माता-पिता के साथ बितेगा। जिन सीमित विचारों की वजह से आप विचार के दायरे से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं, आज उन्हें तोड़कर जीवन में बदलाव लाने में सफल होंगे।

मिथुन राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। राजनीति से जुडे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ होगी। आज कार्यस्थल पर लोगों के साथ जुड़े रहने की और मिलने-जुलने की कोशिश करेंगे,

कर्क राशि : आज आपके दिन की शुरुआत खुशियों से भरी होगी। आज अन्य लोगों की समस्याओं को सुलझाने पर आपका ध्यान रहेगा, इस कारण व्यक्तिगत जीवन की कुछ बातों को नजरअंदाज न करें।

सिंह राशि : आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे। आप जिन कामों को करने के लिए सोचेंगे, वे आपको उम्मीद से यादा फायदा दे सकते हैं।

कन्या राशि: आज भाग्य का आपको पूरा-पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे

तुला राशि : आज आपका दिन शानदार रहेगा। ऑफिस के किसी काम को लेकर बॉस आपको सलाह देंगे, जो आपके लिए कारगर साबित होगा। आज किसी से भी बेवजह मजाक करने से आपको बचना चाहिए। अ

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन लकी रहेगा। आज आप जो भी करें, अच्छे से समझकर करें, फायदा होगा । सरकारी कामों में किसी अनुभवी से सलाह मिल सकती है, जो आपके बहुत काम आ सकती है ।

धनु राशि : आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है। इस राशि के कांट्रेक्टर के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है।

मकर राशि :आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन रहा है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

कुंभ राशि : आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी ऐसे मित्र से कॉल पर बात होगी, जिससे पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। आज पिछली बातों की वजह से मन उलझन में रहेगा,

मीन राशि : आज आपका दिन नई सौगात लेकर आया है। आज करियर संबंधी शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा हो जायेगा। सेहत आज फिट रहेगी।



ईशा योग केंद्र में26 फरवरी को आयोजित होने वाले महाशिवरात्रि समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे। केंद्र ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। बयान में कहा गया है कि योग केंद्र के संस्थापक सदगुरु इस अवसर पर एक मुफ्त ध्यान ऐप का अनावरण करेंगे। इसमें कहा गया है, ''केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 26 फरवरी 2025 को ईशा योग केंद्र में आदियोगी और सदगुरु की उपस्थिति में महाशिवरात्रि समारोह में शामिल होंगे।''

केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने दिया ये बड़ा संकेत

# भारत में पेट्रोल-डीजल होगा सस्ता

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश में लंबे समय से लोगों की चली आ रही पेट्रोल-डीजल और गैस की कीमतों में कमी करने की मांग जल्द पूरी हो सकती है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्रकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि आने वाले समय में इन ईंधनों की कीमतों में कमी हो सकती है। उन्होंने बताया कि अमेरिका समेत अन्य देशों में तेल का उत्पादन बढाने की योजना बनाई जा रही है, जिससे वैश्विक बाजार में ईंधन की कीमतें घट सकती हैं और महंगाई पर भी काबू पाया जा सकता है।

मंत्री पुरी का कहना है कि अमेरिका में तेल उत्पादन बढाने के लिए पहले ही कदम उठाए जा चुके हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना था ड्रिल, बेबी, ड्रिल यानी ज्यादा तेल निकालने का काम किया जाएगा। अब भी अमेरिका का उद्देश्य है कि अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतों को घटाया जाए। उन्होंने बताया कि जब तेल और गैस का उत्पादन बढ़ेगा, तो इससे बाजार में तेल की आपूर्ति भी बढ़ेगी और कीमतों में कमी आ सकती है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि भारत का प्रमुख लक्ष्य यही है कि कम कीमतों पर पर्याप्त तेल की खरीदारी की जाए ताकि देश की अर्थव्यवस्था पर बोझ कम किया जा सके। पुरी ने यह भी स्पष्ट किया कि तेल की खरीदारी में डॉलर का इस्तेमाल खत्म करने का कभी कोई उद्देश्य नहीं था। उन्होंने कहा कि ज्यादातर व्यापार डॉलर में होता है और यह भविष्य में भी ऐसा ही रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि भारत ने अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के साथ संपर्क स्थापित किया है, और दोनों देशों के बीच ऊर्जा के क्षेत्र में संबंध और मजबूत होंगे। पुरी ने कहा कि भारत अब 40 देशों से तेल आयात करता है। जिनमें अर्जेंटीना भी शामिल है। चूंकि अब दुनिया में तेल की पर्याप्त आपूर्ति है, तेल उत्पादक देशों को अपने उत्पादन को लेकर पुनर्विचार करना पड़ेगा, जिससे वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों में और कमी आ सकती है।

**बीबीसी इंडिया पर ईडी ने लगाया 3 करोड़ से ज्यादा का जुर्माना, तीनों डायरेक्टर भी फंसे; जानें क्या है मामला**

नई दिल्ली (आरएनएस)। विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन मामले में ईडी ने बीबीसी पर 3,44,48,850 रुपये की पेनाल्टी लगाई है। इसके साथ ही उस समय कंपनी के आपरेशंस को देख रहे तीनों निदेशकों पर अलग-अलग 1,14,82,950 रुपये की पेनाल्टी लगाई है। बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर डिजिटल मीडिया में 26 प्रतिशत विदेशी निवेश की सीमा का नियम लगाने के बाद भी 100 प्रतिशत विदेशी निवेश जारी रखने का आरोप है। ईडी की ओर से 21 फरवरी को जारी आदेश के अनुसार, बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर पेनाल्टी नहीं जमा करने की स्थिति में प्रतिदिन पांच हजार रुपये के जुर्माने का प्रवधान है। यह जुर्माने की राशि 15 अक्टूबर, 2021 से ली जाएगी। दरअसल, डिपार्टमेंट आफ प्रमोशन आफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड ने 18 सितंबर, 2019 को प्रेस नोट जारी कर डिजिटल मीडिया में विदेशी निवेश की सीमा 26 प्रतिशत निर्धारित किए जाने की जानकारी दी थी। इसी प्रेस नोट में कंपनियों को नए नियम के मुताबिक विदेशी निवेश को 26 प्रतिशत तक लाने के लिए 15 अक्टूबर, 2021 तक का समय दिया गया था। लेकिन बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया के निदेशकों ने जानबूझकर इस समयसीमा का उल्लंघन किया और 100 प्रतिशत विदेशी निवेश जारी रखा। ईडी के आदेश के अनुसार, अब बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया को 15 अक्टूबर, 2021 के बाद पेनाल्टी की पूरी रकम 3.44 करोड़ रुपये जमा करने के दिन तक प्रतिदिन पांच हजार रुपये के हिसाब से जुर्माना भी देना होगा। बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया के तत्कालीन तीनों निदेशकों गिल्स एंटनी हंट, इंदु शेखर सिन्हा और पाल मिशेल गिबन्स को विदेशी निवेश के नए नियम का जानबूझकर पालन नहीं करने का दोषी पाया गया है।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भोपाल के बरखेड़ीकला में जैविक खेती कार्यशाला के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए।



कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रायबरेली के नरपतगंज में बीआर अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी.

## कार्यकर्ता के अथक परिश्रम से दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी भाजपा - सीएम भजनलाल शर्मा

जयपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष निर्वाचन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पद पर निर्विरोध रूप से मदन राठौड़ का चयन किया गया। साथ ही, 25 राष्ट्रीय परिषद् सदस्यों की भी घोषणा की गई। मुख्यमंत्री ने नव-निर्वाचित भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री राठौड़ को बधाई दी तथा उनका मुंह मीठा करवाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि संगठन और सत्ता एक दूसरे के पूरक होते हैं। 21 अक्टूबर 1951 को छोटे से संगठन के रूप में शुरू हुई जनसंघ आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र है तो पार्टी में भी लोकतंत्र जरूरी है और हमारी पार्टी की यह खासियत है कि हमारे यहां आंतरिक लोकतंत्र मजबूत है। उन्होंने कहा कि देश के अधिकतर राज्यों में आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, तो यह कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से ही संभव हो पाया है। हमारी पार्टी बूथ, मंडल, जिला, प्रदेश तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित सभी पदों पर सहमति बनाते हुए सहयोग के साथ आगे बढ़ती है।

प्रधानमंत्री के विजन विकसित भारत को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम सब उनके विकसित भारत के विज़न को पूरा करने के लिए काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भी संकल्प-पत्र में किए गए 50 प्रतिशत से अधिक वादों को पूरा कर चुकी हैं तथा कार्यकर्ताओं के सहयोग एवं विश्वास से संकल्प-पत्र में किए गए प्रत्येक वादे को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, देवास परियोजनाओं जैसे परियोजनाओं से जहां राजस्थान में पानी की कमी को पूरा करने का काम किया हैं, वहीं किसानों को 2027 तक दिन में बिजली देने के लक्ष्य के साथ हम काम कर रहे हैं। हमारी सरकार युवाओं को आगामी 5 साल में 4 लाख सरकारी नौकरियां देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में लगातार सरकारी नौकरियों के लिए भर्तियां की जा रही हैं।

शर्मा ने कहा कि बजट घोषणाओं के धरातल पर त्वरित क्रियान्वयन के लिए मंत्रीगणों को निर्देशित किया गया है कि वे 23 फरवरी को अपने-अपने प्रभार वाले जिलों का दौरा करेंगे तथा बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन एवं प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ताओं के पास विधानसभा वार बजटीय घोषणाओं की सूची भेजी जाएंगी जिससे वे अपने क्षेत्र में जाकर इसका प्रचार-प्रसार कर आमजन को लाभ पहुंचाएं। शर्मा ने नव-निर्वाचित भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को बधाई देते हुए कहा कि वे एक ऐसे व्यक्तित्व है जिन्होंने अपनी मेहनत, निष्ठा और जनसेवा के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। विद्यार्थी परिषद् में काम करने के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में शुरुआत करने वाले राठौड़ ने विभिन्न पदों पर रहते हुए संगठन को मजबूत किया। उन्होंने विश्वास जताया कि राठौड़ के ऊर्जावान नेतृत्व में राजस्थान में भाजपा नई ऊँचाइयों को छुएगी।

वहीं उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पुन: निर्वाचित होने पर मदन राठौड़ को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं ।

## मेरे जैसे लाखों लोगों को आरएसएस ने देश के लिए जीने की प्रेरणा दी है: पीएम मोदी

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। पीएम नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि 100 वर्ष पहले जिस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का बीज बोया गया था, वह आज एक वट वृक्ष के रूप में भारत की महान संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचा रहा है। पीएम मोदी ने आगे कहा, 'यह उनका सौभाग्य है कि उनके जैसे लाखों लोगों को इस संगठन ने देश के लिए जीने की प्रेरणा दी है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब मराठी साहित्य सम्मेलन का दीप प्रज्जवलन करने पहुंचे तो उन्होंने शरद पवार से आगे आने और उनके साथ सम्मान करने का अनुरोध किया। इसके बाद जब शरद पवार अपना संबोधन समाप्त करके अपनी सीट की ओर लौट रहे थे तो पीएम मोदी ने उनको सीट पर बैठने में मदद की और उनको पानी का गिलास भरकर दिया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान पिछले दिनों मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने का भी उल्लेख किया और कहा कि देश और दुनिया में 12 करोड़ मराठी भाषी लोगों को इसका दशकों से इंतजार था।

उन्होंने कहा, 'यह काम पूरा करने का अवसर मुझे मिला। मैं इसे अपने जीवन का बड़ा सौभाग्य मानता हूं।' प्रधानमंत्री ने कहा कि अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन एक भाषा या राज्य तक सीमित आयोजन नहीं है,



हरिद्वार में हर की पौडी पर उमड़े श्रद्धालु.

## फिर सताने लगा डर! चीन में मिला कोरोना जैसा नया वायरस, जानवर से इंसान में फैलने का खतरा

नई दिल्ली (आरएनएस)। चीन में कोरोना की तरह एक और नया वायरस मिला है। इसके जानवर से इंसान में फैलने का खतरा है। यह नया वायरस चीन के वुहान लैब में मिला है। कोरोना ने जो तबाही मचाई थी, उसे भला कौन भूल सकता है। इस वायरस के मिलने से वहां एक बार फिर से हड़कंप मच गया है और लोगों को फिर वही डर सताने लगा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी के रिसर्चर्स ने इस नए वायरस की खोज की है। यह वायरस मानव स्वास्थ्य के लिए एक नए खतरे का संकेत है।

शोधकर्ताओं के मुताबिक, यह वायरस उन्हीं रिसेप्टर के जरिए सेल यानी कोशिकाओं में एंट्री करता है, जैसे कोरोना वायरस करता है। यह वायरस मनुष्यों और अन्य स्तनधारियों के शरीर में पाए जाने वाले प्रोटीन से जुड़कर कोशिकाओं को संक्रमित करता है। इस नए वायरस को मिडिल ईस्ट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम यानी स्ध्क्र नाम से भी जाना जाता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 2012 से मई 2024 तक लगभग 2600 लोगों में स्ध्क्र वायरस की पुष्टि की गई है। इस वायरस ने जिन लोगों को संक्रमित किया,

## महाकुंभ को लेकर अफवाह फैलाने वाले सोशल मीडिया अकाउंट पर यूपी पुलिस का एक्शन

प्रयागरा (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित भव्य महाकुंभ में देश-विदेश से श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। यहां राज्य सरकार और मेला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए उचित व्यवस्था की गई है। लेकिन, कुछ लोग सोशल मीडिया पर चंद व्यूज पाने के लिए अफवाह फैला रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ यूपी पुलिस ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है। यूपी पुलिस के अनुसार, प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ से संबंधित भ्रामक पोस्ट करने वाले 11 मामलों में कुल 137 विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। बता दें कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा निरंतर सोशल मीडिया की सघन मॉनिटरिंग की जा रही है। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान यह प्रकाश में आया है कि बीते एक माह के भीतर कुछ तत्वों द्वारा महाकुंभ के खिलाफ भ्रामक नैरेटिव तैयार करने की साजिश की जा रही है और प्रयास किया जा रहा है कि कैसे उत्तर प्रदेश सरकार की छवि को धूमिल किया जाए। ऐसे सोशल मीडिया अकाउंट को चिह्नित करके उनके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करने की कार्रवाई निरंतर की जा रही है। इसी कड़ी में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान 21 फरवरी को यह संज्ञान में आया कि कुछ सोशल मीडिया अकाउंट से पाकिस्तान के वीडियो को भ्रामक रूप से महाकुंभ का बताकर यह अफवाह फैलाई जा रही है कि महाकुंभ जाने वाली बस नाले में गिर गई,

## राजस्थान सीएम को जेल से मिली जान से मारने की धमकी, प्रशासन में मचा हड़कंप

जयपुर (आरएनएस)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम में प्राप्त सूचना के अनुसार धमकी दौसा सेंट्रल जेल, श्यालावास से आई। पुलिस के मुताबिक, इस बार धमकी फोन पर 12 बजे से पहले दी गई। पहले भी इसी जेल से धमकी मिल चुकी थी, जिसमें पुलिस द्वारा सर्च ऑपरेशन के दौरान जेल के अंदर मोबाइल फोन बरामद किया गया था। धमकी देने वाले बंद कैदी का नाम रिंकू रडवा है, जो 2022 से दौसा सेंट्रल जेल में बंद हैं। रिंकू रडवा को पॉक्सो एक्ट के तहत बंद किया गया है, जिसका उद्देश्य बच्चों को यौन शोषण से बचाना है। इस एक्ट के तहत दोषियों को कड़ी सजा दी जाती है। इस घटना के बाद जेल प्रशासन पर कड़ी नजर रखी जा रही है, क्योंकि इसी जेल से पहले भी इसी तरह की धमकी मिल चुकी थी। पुलिस जांच जारी है। बता दें कि इससे पहले भी सीएम को जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। तब भी दौसा की सेंट्रल जेल से ही धमकी दी गई थी।



दिल्ली के उपमुख्यमंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया.



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखीमपुर खीरी में पवित्र गोला गोकर्णनाथ स्थित शिव मंदिर कॉरिडोर के शिलान्यास एवं लोकार्पण में शामिल हुए.


## मेरठ में 168 साल पुरानी मस्जिद को प्रशासन ने किया ध्वस्त, बताया सहमति से हटाया गया

मेरठ (आरएनएस)। मेरठ में 168 साल पुरानी एक ऐतिहासिक मस्जिद को प्रशासन ने आधी रात को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। यह मस्जिद दिल्ली रोड पर सर्विस लेन पर स्थित थी और मेट्रो तथा रैपिड रेल कॉरिडोर के बीच में आ रही थी। बता दें कि दो दिन पहले इस मस्जिद का बिजली कनेक्शन काट दिया गया था। इसके बाद मुस्लिम पक्ष ने स्वयं मस्जिद को हटाने का प्रयास किया और हथौड़े चलाकर कुछ हिस्सों को तोड़ा। इसके बाद शुक्रवार की देर रात प्रशासन ने बुलडोजर लगाकर पूरी मस्जिद को गिरा दिया और तुरंत मलबा भी हटा दिया गया। इसके बाद मेट्रो के काम के लिए जगह हो गई।

यह मस्जिद दिल्ली रोड पर जगदीश मंडप के पास स्थित थी और लंबे समय से वहां मौजूद थी। प्रशासन का कहना है कि निर्माण कार्य में बाधा बनने के कारण इसे हटाने का निर्णय लिया गया। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि वे इसके बदले नई जगह पर मस्जिद और उचित मुआवजा चाहते थे, लेकिन बिना उनकी मांग पूरी किए इसे हटा दिया गया। घटनास्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल की भारी तैनाती के बीच बुलडोजर से मस्जिद को गिराया गया। मस्जिद ध्वस्त किए जाने की खबर के बाद इलाके में माहौल तनावपूर्ण हो गया, लेकिन पुलिस और प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए हैं। इस मामले में प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई सहमति के आधार पर हुई है और इसके पीछे कोई अन्य कारण नहीं है। दूसरी ओर, मुस्लिम पक्ष ने प्रशासन से नई मस्जिद के लिए जगह देने और मुआवजा देने की मांग दोहराई है।

**दिल्ली वालों का आभार जताते हुए बोलीं सीएम, कुछ दिनों की दिक्कत है, फिर सब ठीक हो जाएगा**

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को अपने आवास से ही जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमने जो भी वादे किए हैं, उसे हर कीमत पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने लोगों की ओर इशारा करते हुए कहा कि मैं आप सभी का धन्यवाद करना चाहूंगी कि आपने मेरा समर्थन किया। इस वजह से मुझे आप लोगों की सेवा करने का मौका मिला है। मुख्यमंत्री बनाए जाने पर पीएम मोदी का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री का ही आशीर्वाद है कि दिल्ली की बेटी को इतना बड़ा सम्मान मिला। इसके बाद उन्होंने लोगों की ओर इशारा करते हुए सवालिया लहजे



सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर आशीष चंचलानी द्वारा विवादास्पद इंडियाज गॉट लेटेंट शो में उनकी भागीदारी को लेकर उनके खिलाफ दर्ज कई एफआईआर के खिलाफ दायर याचिका पर नोटिस जारी किया। याचिका में गुवाहाटी और मुंबई में दर्ज एफआईआर को एक साथ जोड़ने की मांग की गई है, जिसमें अनुरोध किया गया है कि मामले को मुंबई स्थानांतरित किया

# शालिनी पांडे बोलीं- शबाना आजमी स्टारर वेब सीरीज डब्बा कार्टेल का हिस्सा होना खास



अभिनेत्री शबाना आजमी और ज्योतिका स्टारर वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। क्राइम-थ्रिलर सीरीज में अभिनेत्री शालिनी पांडे इमोशंस के साथ अपनी भूमिका में मनोरंजन को एक अलग मोड़ देती नजर आएंगी। शालिनी ने कहा कि वह इस सीरीज का हिस्सा बनकर खुश हैं। शालिनी ने कहा, मैं राजी का किरदार निभा रही हूं। वह एक प्यारी, सरल और घरेलू लड़की है, लेकिन फिर वह उथल-पुथल से गुजरती है। इस किरदार को निभाने के लिए मैंने उसकी गहराई की खोज की और यह मेरे लिए एक शानदार अनुभव था। साधारण राजी पूरी तरह से बदल जाती है। यह शालिनी के लिए एक खोज थी और मेरे लिए राजी की भूमिका निभाना बहुत दिलचस्प था। अभिनेत्री ने शबाना आजमी और ज्योतिका जैसे सितारों के साथ अपने काम करने के अनुभव को भी शेयर किया। अभिनेत्री ने कहा, मेरे माता-पिता शबाना आजमी को पसंद करते हैं। मैंने उनके बारे में उनसे सुना है। मैंने उनकी कई फिल्म देखी है और मैं शबाना जी की फैन हूं। इस तरह के कलाकारों के साथ काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इसकी शूटिंग करते हुए हमें बहुत मजा आया। हमारे पास एक साथ सीन नहीं हैं, मैं उनके काम की प्रशंसा करती हूं, ज्योतिका और अन्य सभी के साथ काम करना काफी मजेदार रहा। डब्बा कार्टेल का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है, जिसमें शबाना आजमी, ज्योतिका और अन्य पांच मध्यमवर्गीय महिलाओं की यात्रा की एक मनोरंजक झलक पेश की गई, जिनका मासूम सा दिखने वाला डब्बा व्यवसाय ड्रग कार्टेल की खतरनाक दुनिया में पहुंच जाता है।

मंगलवार को निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर इसका ट्रेलर जारी किया, जिसमें उन्होंने लिखा, वे खाना बना रही हैं और यह बेहद बढ़िया है। 28 फरवरी को सिर्फ नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाले डब्बा कार्टेल को देखें। दिलचस्प ट्रेलर में पांच आम महिलाओं के जीवन की एक रोमांचक झलक दिखाई गई है, जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, महिलाएं और उनके पति एक अंडरवर्ल्ड में उलझ जाते हैं। हितेश भाटिया के निर्देशन में तैयार सीरीज की स्टोरी को विष्णु मेनन और भावना खेर ने लिखा है। सीरीज का निर्माण एक्सेल एंटरटेनमेंट के तहत शिबानी अख्तर, विष्णु मेनन, गौरव कपूर और आकांक्षा सेडा ने किया है। ठाणे के व्यस्त उपनगरों में शुरू होने वाले इस शो में शबाना आजमी, गजराज राव, ज्योतिका, निमिषा सजयन, शालिनी पांडे, अंजलि आनंद, साई ताम्हणकर, जीशु सेनगुप्ता, लिलेट दुबे और भूपेंद्र सिंह जाड़ावत हैं।

## वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन ने ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक

वरुण धवन की 'बेबी जॉन' को लेकर काफी बज था. हालांकि सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद इस फिल्म को दर्शकों से खास रिस्पॉन्स नहीं मिला. वहीं अब ये फिल्म ओटीटीट पर रिलीज हुई है चलिए यहां जानते हैं 'बेबी जॉन' को ओटीटी पर कब और कहां देख सकते हैं? वरुण धवन के फैंस के लिए गुड न्यूज है. दरअसल एक्टर की हाल ही में रिलीज हुई एक्शन थ्रिलर फिल्म 'बेबी जॉन' को अब घर बैठे देखा जा सकता है. दरअसल फिल्म को अमेजॉन प्राइम वीडियो पर रिलीज कर दिया गया है. इससे पहले प्राइम वीडियो ने बेबी जॉन को 249 रुपये के रेंट पर दर्शकों के लिए उपलब्ध कराया था, लेकिन अब यह फिल्म सभी सब्सक्राइबर्स के लिए प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम हो रही है.

# शिमरी साड़ी पहन नोरा फतेही ने इंटरनेट पर गिराई हुस्न की बिजलियां, कैमरे के सामने एक्ट्रेस ने दिए स्टनिंग पोज



अपने डांस मूव्स और बोल्ड फिगर को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहने वाली एक्ट्रेस नोरा फतेही लोगों के बी काफी पॉपुलर हैं। उन्होंने अपनी हॉटनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें वो कहर बरपाती हुई नजर आ रही हैं।

एक्ट्रेस नोरा फतेही अपनी डांसिंग स्किल्स से फैंस को अक्सर दीवाना बना देती हैं। उनका किलर लुक इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने ट्रेडिशनल आउटफिट में कुछ बेहद खूबसूरत फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं नोरा फतेही ने बेहद ही खूबसूरत शिमरी लुक में साड़ी पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपने इस लुक से इंटरनेट पर बवाल काट रही हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर कॉमेंट्स और लाइक्स करते हुए नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। नोरा फतेही की इन फोटोज को इंस्टाग्राम पर पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 3 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने तस्वीरों पर लाइक कर दिया है। वहीं, एक हजार से भी ज्यादा लोगों ने कॉमेंट किया है। खुले बाल, लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस नोरा फतेही ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से मंत्रमुग्ध हो गए हैं। उनका हर एक अंदाज सोशल मीडिया पर आते ही बवाल मचाने लगता है।

## एक खून और 8 जवान लड़कियां सस्पेक्ट! प्राइम वीडियो की क्राइम थ्रिलर सुडल 2 का ट्रेलर रिलीज

सुजल सुनने में ये नाम थोड़ा अजीब लगता है मगर जब आप इस सीरीज के अंदर जाते हैं तो आपको एक ऐसी दुनिया का आभास होता है जो काफी डरावनी है। सुजल एक तमिल भाषा का शब्द है जिसका मतलब है भंवर जिसे अंग्रेजी में वर्टेक्स कहते हैं। अपने नाम को जस्टिफाई करता ये शो अब एक मर्डर की उलझी पहेली को लेकर आने वाला है। सीरीज के दूसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो गया है जिसके साथ इसके स्टीम होने की तारीख का भी पता चल गया है। इस ट्रेलर ने ऑडियंस को फिर से सस्पेंस और मिस्ट्री के तूफान के बीच पहुंचा दिया है जिसको लेकर लोग काफी एक्साइटेड हो गए हैं। सेकेंड सीजन के ट्रेलर की बात करें तो ये एक मर्डर कहानी दिखाने वाली है जिसकी जांच में एक नहीं बल्कि कुल 8 लड़कियों के नाम सामने आए हैं। काथिर को इस केस को सोल्व करने की जिम्मेदारी दी गई है। वो केस को सुलझाते हुए नए जाल में फंसता चला जाता है वहीं ऐश्वर्या राजेश द्वारा निभाए नंदिनी के किरदार को जेल में अपने अतीत और अनिश्चित भविष्य के साथ समझौता करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। फैंस ट्रेलर को देखकर काफी एक्साइटेड हो गए हैं। शो फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाला है। सुजल: द वोर्टेक्स 2 की कास्ट की बात करें शो में काथिर और ऐश्वर्या राजेश वापसी के अलावा कई नए कलाकार शामिल हुए हैं। सीरीज में सरवनन, गौरी किशन, संयुक्ता विश्वनाथन, मोनिशा ब्लेसी, रिनी, श्रीशा, अभिराम बोस, निखिला शंकर, कलैवानी भास्कर और अश्विनी नांबियार ने मुख्य भूमिकी निभाई है। वहीं दर्शकों को मंजिमा मोहन और कयाल चंद्रन की स्पेशल अपीयरेंस देखने को मिलने वाली है। सुडल: द वोर्टेक्स सीजन 2 को प्राइम वीडियो पर तमिल, तेलुगु, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। सुडल: द वोर्टेक्स सीजन 2 को वॉलवॉचर फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है और इसकी कहानी को पुष्कर और गायत्री ने लिखने के साथ प्रोड्यूस किया है। सीरीज का निर्देशन ब्रम्मा और सरजुन केएम ने किया है। सीजन 2 की कहानी अगर आपको नहीं तो हम आपका ये काम आसान कर देते हैं।

# द प्राइड ऑफ भारत से ऋषभ शेट्टी की पहली झलक आई सामने, शक्ति और भक्ति के रंग में रंगे दिखे कांतारा स्टार

छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती मनाई जा रही है. ऐसे में द प्राइड ऑफ भारत: छत्रपति शिवाजी महाराज के मेकर्स ने मराठा किंग का फर्स्ट लुक जारी किया है. इस पोस्टर के जरिए महान मराठा योद्धा की शक्ति, भक्ति और वीरता को दर्शाया गया है. शिवाजी महाराज की जयंती पर फिल्म मेकर संदीप सिंह ने द प्राइड ऑफ भारत: छत्रपति शिवाजी महाराज का फर्स्ट जारी किया है. इस तस्वीर में मराठा किंग देवी भवानी के सामने खड़े नजर आ रहे हैं. हालांकि चेहरे को गुप्त रखा गया है. इस पोस्टर में आध्यात्मिक ऊर्जा और इतिहासि भव्यता की झलक साफ दिखाई दे रही है, जो इस एपिक पीरियड ड्रामा के लिए एक माहौल तैयार कर रही है. फिल्म का फर्स्ट लुक को जारी करते हुए संदीप सिंह ने कैप्शन में लिखा है, जय भवानी, जय शिवाजी, हर हर महादेव. महान योद्धा राजा, भारत के गौरव छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती पर, हम गर्व के साथ फर्स्ट लुक पेश कर रहे हैं, जिसमें पूरे नियति बदलने वाले महान राजा की शक्ति और भक्ति को दर्शाया गया है. एक असाधारण टीम के साथ बहादुरी, सम्मान और स्वराज्य की उनकी असाधारण गाथा को जीवंत करना एक सर्वोच्च सम्मान है. 21 जनवरी 2027 को दुनिया भर के सिनेमाघरों पर छा जाएगा.

द प्राइड ऑफ भारत: छत्रपति शिवाजी महाराज की टीम में कुछ मशहूर हस्तियां शामिल हुई हैं. जिनमें से प्रमुख हैं- सिद्धार्थ-गरिमा (स्टोरी, स्क्रीनप्ले एंड डायलॉग), प्रतीम (म्यूजिक डायरेक्टर), प्रसून जोशी (लिरिक्स्ट), रवि वर्मन (फोटोग्राफी डायरेक्टर) और रसुल पुकुट्टी (साउंड डायरेक्टर). द प्राइड ऑफ भारत: छत्रपति शिवाजी महाराज में कांतारा ऋषभ शेट्टी छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका में हैं. संदीप सिंह की यह पीरियज ड्रामा 2027 में गणतंत्र दिवस के मौके पर 21 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. द प्राइड ऑफ भारत: छत्रपति शिवाजी महाराज को हिंदी, मराठी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़, मलयालम और बंगाली में रिलीज किया जाएगा.

### बॉर्डर 2 से सेट से वरुण धवन-सनी देओल की नई झलक आई सामने, शूटिंग शुरू

सनी देओल एक बार फिर सिल्वर स्क्रीन पर गदर मचाने के लिए तैयार हैं. साल 2023 में गदर 2 से सनी देओल ने बॉक्स ऑफिस हिला डाला था. अब सनी देओल अपनी 27 साल पुरानी फिल्म बॉर्डर के सीक्वल से फिर से धमाल मचाने आ रहे हैं. सनी देओल ने फिल्म बॉर्डर की शूटिंग शुरू कर दी है. बॉर्डर 2 अगले साल रिलीज होने के लिए तैयार है. वहीं, फिल्म की शूटिंग तेजी से चल रही है. सनी देओल ने झांसी में हुई फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग से तस्वीरें शेयर की हैं. सनी देओल के साथ-साथ वरुण धवन भी शूटिंग सेट पर नजर आ रहे हैं.

सनी देओल ने शूटिंग सेट से तस्वीर शेयर की है, उसमें सनी और वरुण टैंक पर बैठे दिख रहे हैं. वहीं, फिल्म बॉर्डर (1997) के डायरेक्टर जेपी दत्ता की बेटी निधि दत्ता और फिल्म प्रोड्यूसर भूषण कुमार भी इस तस्वीर में शामिल हैं.

## एक बदनाम आश्रम का टीजर जारी, बाबा निराला बनकर लौट रहे बॉबी देओल

हिट वेब सीरीज आश्रम ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस सीरीज ने बॉबी देओल को नई पहचान दिलाई। उन्होंने तीन सीजन के जरिए फैंस का मनोरंजन किया, जिसके बाद फैंस इसके अगले भाग का इंतजार कर रहे थे। हाल ही में निर्माताओं ने आश्रम 3 के दूसरे भाग का एलान किया था। वहीं, अब निर्माताओं ने इस सीजन के तीसरे सीजन के दूसरे भाग का दमदार टीजर जारी कर दिया है। आश्रम 3 पार्ट 2 के टीजर में एक बार फिर बॉबी देओल का बाबा निराला वाला अंदाज देखने को मिल रहा है, जो बेहद चालाकी भरा है। हालांकि, टीजर को देखकर कहा जा सकता है कि पार्ट 2 में पम्मी का अहम रोल देखने को मिलेगा। बाबा निराला की सत्ता में वापसी, निष्ठावान अनुयायियों का अटूट विश्वास और अंदरूनी साजिशों की गूंज एक बदनाम आश्रम सीजन 3 पार्ट 2 का टीजर हैरान कर देने वाला है। इस बार कहानी और भी ज्यादा सस्पेंस और रोमांच से भरी होगी।

# अपनी कलाई को मजबूत बनाने के लिए करें ये एक्सरसाइज



रोजमर्रा के कामों को बिना किसी परेशानी के पूरा करने के लिए कलाई की मजबूती बहुत अहम होती है। चाहे वह कंप्यूटर पर काम करना हो या खेल-कूद, मजबूत कलाई से हम बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

इस लेख में हम 2 ऐसी एक्सरसाइज के बारे में जानेंगे, जो आपकी कलाई को मजबूत बनाने में आपकी मदद करेंगे। ये एक्सरसाइज न केवल आपकी कलाई की ताकत बढ़ाएंगी, बल्कि चोट से बचाने में भी सहायता करेंगी।

हाथों को घुमाएं

हाथों को घुमाना एक सरल और प्रभावी एक्सरसाइज है, जो कलाई की मांसपेशियों को सक्रिय करती है। इसे करने के लिए, अपने हाथ को सीधा रखें और धीरे-धीरे अपनी कलाई को गोलाकार दिशा में घुमाएं।

इसे क्लॉकवाइज और फिर एंटी-क्लॉकवाइज दिशा में 10-15 बार दोहराएं। यह एक्सरसाइज रक्त संचार को बढ़ाती है, जिससे मांसपेशियों का लचीलापन और कलाई की ताकत भी बढ़ती है।

नियमित रूप से इसे करने से आप अपनी कलाई की मजबूती में सुधार देख सकते हैं।

जानिए इस एक्सरसाइज के फायदे

इस एक्सरसाइज के जरिए कलाई की मांसपेशियां मजबूत होती हैं और लचीलापन बढ़ता है, जिससे रोजमर्रा के कामों में आसानी होती है।

यह खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो लंबे समय तक कंप्यूटर पर काम करते हैं या जिनकी दिनचर्या में भारी सामान उठाना शामिल होता है।

नियमित अभ्यास से दर्द और थकान से राहत मिलती है, जिससे कार्यक्षमता भी बढ़ती है और चोट लगने का खतरा कम होता है।

पुश-अप्स करें

पुश-अप्स एक बेहतरीन एक्सरसाइज है, जिससे आप अपनी पूरी बांहों के साथ-साथ कलाइयों को भी मजबूत बना सकते हैं। इसे करने के लिए, जमीन पर पेट के बल लेटें।

अब अपने हाथों और पैरों पर संतुलन बनाते हुए शरीर को ऊपर उठाएं। ध्यान रखें कि आपकी पीठ सीधी रहे और पेट अंदर की ओर खिंचा हो।

धीरे-धीरे शरीर को नीचे लाएं और फिर से ऊपर उठाएं। यह एक्सरसाइज आपकी कलाइयों की ताकत बढ़ाने में मदद कर सकती है।

पुश-अप्स करने के फायदे

पुश-अप्स आपके पूरे शरीर की ताकत बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। इसे करने से कलाइयों पर जोर पड़ता है, जिससे उनकी मजबूती में सुधार होता है।

नियमित रूप से पुश-अप्स करने से न केवल कलाइयों की ताकत बढ़ती है, बल्कि सहनशक्ति भी बेहतर हो जाती है।

यह एक्सरसाइज आपके कंधों और छाती की मांसपेशियों को भी मजबूत बना सकती है, जिससे आप रोजमर्रा के कामों में अधिक दक्षता महसूस कर सकते हैं।

# नारियल तेल के जरिए दूर हो सकते हैं त्वचा के दाग-धब्बे, जानिए इस्तेमाल करने के तरीके



नारियल तेल का उपयोग कई स्वास्थ्य और सौंदर्य समस्याओं को ठीक करने के लिए किया जाता है। यह प्राकृतिक रूप से त्वचा की देखभाल में मदद करता है और दाग-धब्बों को कम करने की क्षमता रखता है।

इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे नारियल तेल का सही तरीके से उपयोग करके आप अपनी त्वचा को साफ और स्वस्थ बना सकते हैं।

ये सुझाव पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए उपयुक्त हैं और त्वचा में चमक ला सकते हैं।

नारियल तेल से करें मालिश

नारियल तेल से मालिश करने से त्वचा को नमी मिल सकती है और दाग-धब्बों को हल्का किया जा सकता है। इसके लिए थोड़ी मात्रा में नारियल तेल लें और उसे हल्के हाथों से प्रभावित जगह पर लगाएं।

धीरे-धीरे गोलाकार गति में मालिश करें, ताकि तेल अच्छी तरह से त्वचा में समा जाए। यह प्रक्रिया रोजाना रात को सोने से पहले करें, ताकि आपकी त्वचा रातभर इसे अवशोषित कर सके।

इससे न केवल दाग हल्के होंगे, बल्कि त्वचा मुलायम बनेगी।

स्क्रब बनाकर करें उपयोग

नारियल तेल के साथ चीनी मिलाकर एक प्राकृतिक स्क्रब तैयार किया जा सकता है, जो मृत कोशिकाओं को हटाने में सहायक होता है।

इसके लिए एक चम्मच नारियल तेल और आधा चम्मच चीनी मिलाएं और इसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाकर हल्के हाथों से रगड़ें।

इस प्रक्रिया को हफ्ते में 2 बार दोहराएं, ताकि नई कोशिकाओं का निर्माण हो सके और दाग-धब्बे धीरे-धीरे कम हो सकें। यह स्क्रब आपकी त्वचा की चमक बढ़ाने के साथ-साथ उसे साफ-सुथरा भी बनाएगा।

एलोवेरा जेल के साथ मिलाएं

एलोवेरा जेल और नारियल तेल का मिश्रण भी दाग-धब्बों को मिटा सकता है। दोनों ही तत्व एंटीऑक्सीडेंट से लैस होते हैं, जो त्वचा की मरम्मत करते हैं और उसे स्वस्थ बनाते हैं।

इसके लिए बराबर मात्रा में एलोवेरा जेल और नारियल तेल को मिलाकर प्रभावित जगह पर लगाएं और 20 मिनट तक छोड़ दें। अब गुनगुने पानी से चेरा साफ करें।

इस उपाय को हफ्ते में 3 बार अपनाने से आपको बेहतर परिणाम मिल सकते हैं।

नींबू के रस के साथ करें प्रयोग

नींबू के रस में विटामिन-सी होता है, जो दाग-धब्बों को हल्का करता है। वहीं, नारियल तेल नमी प्रदान करता है, जिससे जलन नहीं होती। एक कटोरी में एक चम्मच नींबू का रस और नारियल तेल मिलाएं और प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं। 15 मिनट तक सुखाने के बाद चेहरे को धो लें। इस उपाय को धूप में जाने से पहले न करें, क्योंकि इससे जलन हो सकती है। इसे सप्ताह में 2 बार आजमाएं, ताकि जल्द लाभ मिल सकें।

# शब्द सामर्थ्य -333

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**

1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**

1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुलबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



## शब्द सामर्थ्य क्रमांक 332 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना कटंगी में रात्रि उत्तम चंद उम्र 61 वर्ष निवासी न्यू कंचनपुर चौधरी मोहल्ला गणेश चौक निर्मलचंद जैन वार्ड ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ठेकेदारी का काम करता है दिनांक 23-2-25 को वह अपने साथ काम करने वाले उसके लड़के अरिवन्द , केशव अहिरवार, सोनू खान के साथ सेंटिंग के काम से ठेके के लिये राजघाट पौड़ी कटंगी जा रहे थे हम लोग जैसे ही बस से राजघाट पौड़ी तिराहा पर उतरे तभी शाम लगभग 6 बजे वह बाथरूम करने के लिये रोड के किनारे दूसरी तरफचला गया था जैसे ही रोड क्रास करने वाला था

**एशिया की पहली ग्लोबल हाइपरलूप प्रतियोगिता 2025 का समापन, रेल मंत्री ने लगातार इनोवेशन करते रहने पर दिया बल**

# यह अवॉर्ड भारत के युवा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की विश्व स्तरीय क्षमताओं को दर्शाता है- रेल मंत्री

**प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ डेमोंस्ट्रेशन टीम अवॉर्ड समेत अन्य अवॉर्ड हुए वितरित -वर्टिकल टेक-ऑफ लैंडिंग व्हीकल के लिए भारतीय रेल और आईआईटी मद्रास के बीच सहयोग**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास द्वारा एशिया की पहली ग्लोबल हाइपरलूप प्रतियोगिता 2025 का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इस अवसर पर आईआईटी मद्रास के निदेशक श्री वी. कामकोटी रेल भवन में उपस्थित रहे। सभी का स्वागत करते हुए उन्होंने प्रतियोगिता के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

रेल मंत्री ने सभी प्रतिभागियों एवं इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का संकल्प है कि देश को इनोवेशन की दिशा में आगे बढ़ाना है। इसी कारण आज हम शिक्षा संस्थानों के साथ मिलकर कार्य कर पा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वह सम्मानित की गई टीम अविष्कार का हिस्सा रहे हैं। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को बेस्ट डेमोंस्ट्रेशन टीम अवॉर्ड, डेमोंस्ट्रेशन ऑफ ब्रेकिंग और ट्रैक्शन सिस्टम, तथा बेस्ट इन सब-सिस्टम (मैकेनिकल) जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। यह न केवल उनकी मेहनत और नवाचार को प्रमाणित करता है, बल्कि भारत के युवा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की विश्व स्तरीय क्षमताओं को भी दर्शाता है। उनकी यह उपलब्धि देश को भविष्य की परिवहन क्रांति की ओर तेज़ी से ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आईआईटी मद्रास द्वारा हासिल की गई 5त्न तकनीकी में सफलता स्थापित के साथ और भारत दुनिया में सबसे तेज़ 5त्न रोलआउट कर रहा है। इसी क्रम में, भारतीय रेल और आईआईटी मद्रास मिलकर वर्टिकल टेक-ऑफ लैंडिंग व्हीकल पर कार्य करेंगे, जिसे भारतीय रेल द्वारा फंड किया जाएगा। यह यात्रा के साधनों में आधुनिक और इनोवेटिव बदलावों को बढ़ावा देने में बेहद अहम कदम साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ श्री सतीश कुमार भी समेत कई गणमान्य मौजूद रहे। भारत की पहली हाइपरलूप टेस्ट ट्रैक 422 मीटर लंबी है, जो आईआईटी मद्रास, चेन्नई में स्थित है। यह भारतीय रेल और शिक्षा क्षेत्र के बीच मजबूत साझेदारी को दर्शाता है, जिससे भारत वैश्विक स्तर पर रेलवे इनोवेशन और अत्याधुनिक यात्रा तकनीकों को बढ़ावा देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# बकायदारों के विरुद्ध भवन कुर्क करने कार्रवाई लगातार जारी




**सभी संभागों में 18 बड़े बकायादारों की सम्पत्तियॉ हुई कुर्क - दिया 3 दिन के अंदर बकाया करों की राशि जमा करने नोटिस**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव द्वारा लगातार राजस्व वसूली अभियान की समीक्षा की जा रही है जिसके चलते वसूली अभियान में तेजी आई है। राजस्व अमले के साथ-साथ नगर निगम के अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा, व्ही.एन. बाजपेयी, प्रशांत गोटिया, श्रीमती अंजू सिंह, मनोज श्रीवास्तव के अलावा अन्य सभी उपायुक्त, सहायक आयुक्त, विभागीय प्रमुखों एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी भी बकाया करों की राशि वसूलने मैदान में उतर आये हैं। जिसके परिणाम स्वरूप आज बड़े बकायादारों के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए एक साथ 18 बड़े करदाताओं की सम्पत्तियॉं अलग अलग संभागों के अंतर्गत कुर्क की गई है। भवनों को कुर्क करने के साथ-साथ बकायादारों को 3 दिन का नोटिस दिया गया है। यदि 3 दिन में बकाया करों की राशि जमा नहीं की जाती है तो वैधानिक प्रक्रियाओं को पूर्ण कराते हुए कुर्क सम्पत्तियों को नीलाम करने की कार्रवाई की जायेगी। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सभी बकायादारों से अपील की है कि समस्त बकाया करों की राशि निगम में जमा कर निगम प्रशासन की अप्रिय कार्यवाही से बचें और लगने वाले अधिभार से भी बचें। कार्रवाई के दौरान संभागीय अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, राजस्व लिपिक एवं नोटिस सर्वर आदि उपस्थिति रहे।

# जगतगुरु नरसिंह देवाचार्य जी महाराज के वजन से ज्यादा बटेगी हवन सामग्री



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल द्वारा गीता धाम में जगतगुरु नरसिंह देवाचार्य जी महाराज के वजन 79.950 किलो से ज्यादा 108 किलो जड़ी बूटियां की हवन सामग्री महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिरों में वितरित की जाएगी पूज्य नरसिंह देवाचार्य जी ने कहा भगवान को जड़ी बूटी से हवन होना है अत: तुला दान ना कर हवन सामग्री को महाशिवरात्रि के अवसर पर वितरित कर दें इस अवसर पर नर्मदा महा आरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल डॉ शिव शंकर पटेल सचिन अग्रवाल एडवोकेट विनोद दीवान श्याम मनोहर पटेल आदि उपस्थित थे

## वेदग्रंथ धारी महिलाओं के द्वारा शोभायात्रा के साथ प्रारंभ होगा विराट पुस्तक मेला एवं आध्यात्मिक प्रदर्शनी



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विराट पुस्तक मेला के उद्घाटन के क्रम में गायत्री शक्तिपीठ श्रीनाथ की तलैया से 25 फरवरी को प्रात: 10:00 बजे प्रारंभ होकर गोलबाजार शहीद स्मारक पर संपन्न होगी । इसमें शामिल रहेंगे शंख ध्वनि करते परिजन, कलशधारी एवं सिर पर आर्ष साहित्य का प्रदर्शन करते हुए नारी शक्ति ! विराट पुस्तक मेला स्थल शहीद स्मारक ग्राउंड गोल बाजार में वैदिक विधि विधान एवं तैतीस कोटि देवी देवताओं का आवाहन, गायत्री परिवार के संस्थापक एवं पूज्य गुरुदेव युग ऋषि वेद मूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी का आवाहन एवं चरण बंधन,वेदों की पूजन के साथ पुस्तक मेला का शुभारंभ किया जाएगा। गायत्री तपोभूमि मथुरा से पधारे हुए वरिष्ठ आचार्य श्री राम मुरारी गुप्ता जी,श्री महामंडलेश्वर श्रीअखिलेश्वरानंद जी ,सांसद आशीष दुबे, सेवा निवृत न्यायमूर्ति आई एस श्रीवास्तव के कर कमलों द्वारा द्वारा किया जाएगा।

पुस्तक मेले की निम्न विशेषताएं होगी

1 -पुस्तक मेला प्रतिदिन 25 फरवरी से 3 मार्च तक प्रात: 11:00 बजे से शाम 9:00 बजे तक रहेगा।

# जैन शिक्षक परिवार जबलपुर के शपथ ग्रहण के साथ मनाया मातृभाषा दिवस



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। श्री पारसनाथ दिगंबर स्वर्ण मंदिर घ्लार्डगंज में जैन शिक्षक परिवार जबलपुर द्वारा मुनि श्री ओमकार सागर एवं मुनि श्री श्रमण सागर महाराज की सानिध्य में मातृभाषा दिवस के उपलक्ष में संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज की पुण्य स्मृति मैं निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें भाषण का विषय बौद्धिक विकास में मातृभाषा का योगदान तथा निबंध का विषय आचार्य श्री के प्रकल्पों का राष्ट्र नवनिर्माण में योगदान आयोजित की इस अवसर पर मुनि श्री द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि समाज में मातृभाषा के योगदान से ही अपनी संस्कृति को सुरक्षित और पल्लवित रखा जा सकता है तथा युवाओं में अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास हो सकता है यदि निरंतर विदेशी भाषा के पीछे हम भागते रहे तो प्रतिभा का पलायन होता रहेगा इसलिए आचार्य श्री के द्वारा दिखाए गए मार्गदर्शन और संकल्पों को सदैव अंगीकार करना चाहिए और भारत को भारत की ओर लौटना चाहिए अर्थात इंडिया नहीं भारत को भारत बोलना अभियान को आगे बढ़ाना चाहिए श्रीमती साधना बड़कुल, नीरज जैन, मैं निर्णायक की भूमिका निभाई कार्यक्रम में आकर्षण ज्ञानवर्धक संस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया । कार्यक्रम में अध्यक्ष सुनील कुमार जैन महामंत्री सुरेंद्र जैन मंत्री अरुण जैन शास्त्री कोषाध्यक्ष श्रीमती नमिता जैन प्रचार मंत्री स्वदेश जैन डॉक्टर सरोज जैन श्रीमती मनीषा जैन मंत्री अनिल जैन दीपेश जैन श्रीमती पुष्पा जैन श्रीमती आभा जैन कार्यकारिणी सदस्य आदि उपस्थित रहे प्रतियोगियों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के द्वितीय चरण में जैन शिक्षक परिवार की नवीन कार्यकारिणी को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कैलाश चंद जी अध्यक्ष जैन पंचायत सभा जबलपुर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही डॉ विमला जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय महिला परिषद द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया

# स्मैक तस्करी में लिप्त निर्दोष आरोपी को दिलाई जमानत

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। न्याय पालिका ने फिर एक बार साबित किया कि सत्य की जीत होती हैं। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने एक निर्दोष युवक को जमानत प्रदान की। जिसे पुलिस ने झूठे मादक पदार्थ तस्करी (स्मैक) के मामले में फंसा दिया गया था। अधिवक्ता रोहित रजक की दलीलों और सबतों के आधार पर हाई कोर्ट ने पाया कि युवक को गलत तरीके से पुलिस द्वारा आरोपी बनाया गया था। पूरा मामला: तीन माह पहले का हैं. जब 30 वर्षीय प्रभू नारायण को पुलिस द्वारा गिरफ?तार कर लिया गया था. पुलिस ने दावा किया कि प्रभू नारायण स्मैक की विक्रय एवं तस्करी करता हैं, हालाकि आरोपी और उसके परिवार को शुरू से ही झूठा बताया गया कि पुलिस की चार्जशीट में कई खामिया थी, जिसे अधिवक्ता ने हाई कोर्ट में उजागर किया था। वकील साहब की शानदार पैरवी: यह कि, अधिवक्ता जी ने तर्क दिया कि आरोपी पूर्णत: निर्दोष हैं आरोपी को मात्र मेमोरेण्डम के आधार पर आरोपी बनाया गया सहें पूर्व में भी पुलिस के द्वारा आरोपी को पुलिस द्वारा एन.डी.पी.एस. के कई मामलों में अपराधी बनाया गया था जिसे एन.डी.पी.एस. स्पेशल कोर्ट के द्वारा दोषमुक्त कर दिया गया था।

अदालत का फैसला: हाई कोर्ट ने सभी सबूतों को ध्यान में रखते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया आरोपी के खिलाफ कोई सबूत नहीं हैं। न्यायाधीश श्री महेन्द्र सिंह जी ने कहा कि कानून का उद्देश्य है कि निर्दोष को बचाने की हैं और पुलिस को निष्पक्ष जॉच करनी चाहिए। सभी सबूतो को देखते हुए न्यायालय ने आरोपी को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

**परिवार ने जताई खुशी पुलिस पर कार्यवाही की मांग-**

अधिवक्ता जी से परिवार के लोगों ने जताई खुशी और कहा कि झूठे मामले पर फंसाये जाने के लिये पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की जाये। अधिवक्ता जी ने कहा कि यह मामला उन कई मामलों में से एक हैं पूर्व में भी पुलिस द्वारा 19 वर्षीय युवक को 20 के. जी. मामले में झूठा फंसाया गया था जिसकी जमानत अधिवक्ता जी द्वारा माननीय एन.डी.पी.एस. स्पेशल कोर्ट नरसिंहपुर ने 65 दिन में अधिवक्ता के तर्कों के आधार पर जमानत प्रदान की। वकील साहब ने कहा कि यह न्याय की जीत है और मेरी निर्दोषों को बचाये जाने की लड़ाई जारी रहेगी।

# वार्षिक उत्सव में छात्र-छात्राएं हुये सम्मानित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) दारूल उलूम में स्थित मंडी मदार टेकरी में काजिया कान्वेन्ट गर्ल्स व बॉयज स्कूल का वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम मुस्लिम विकास परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में पठान समाज के सरदार वरिष्ठ पत्रकार हाजी मुईन खान, अशफाक आरिफ, अकरम अंसारी, समाजसेवी इस्तियाक अंसारी, गुलाम साबरी फैजान कुरैशी द्वारा स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्रों को सार्टिफिकेट व इनाम देकर सम्मानित किया ास्कूल की प्राचार्या यास्मीन हैदर, वासफा अंसारी ने अथितियो सहित बच्चों के अभिभावकों का स्वागत किया। इस अवसर पर शायर शेख निजामी, इरफान कुरैशी, मेहताब अली, लियाकत जावेद, खालिद कुरैशी, डॉ. निसार अंसारी, हाशिम राजा, मुज्जफर कुरैशी, ताहिर खोकर, एड. अकबर उस्मानी, अलीम मंसूरी, साजिद काजी, बब्लू कुरैशी, अहमद रज़ा, एड.निसार अंसारी, गुलाम किबरिया, मामूर गुड्डू, अब्दुल बाकी खान, अशरफ शिराजी, मो. जावेद, मुख्तार अंसारी, मो. इस्लाम आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य अशरफ कुरैशी ने व आभार रियाज राइन व्यक्त किया।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मध्यप्रदेश की विद्युत कंपनियों के साथ महत्वपूर्ण चार एमओयू हस्ताक्षरित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान भोपाल में आज मध्यप्रदेश के विद्युत क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण चार मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेडिंग (एमओयू-समझौता ज्ञापन) मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई, एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक अविनाश लवानिया व पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षरित हुए। जिन कंपनियों ने आज एमओयू पर हस्ताक्षर किए वे हैं- एनटीपीसी ग्रीन इनर्जी लिमिटेड, ग्रामीण विद्युतीकरण कार्पोरेशन (आरईसी), एनटीपीसी न्यूक्लियर और पावर फायनेंस कार्पोरेशन (पीएफसी)। मध्यप्रदेश में गैर वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र के लिए भी आज एमओयू हस्ताक्षरित किए गए। मध्यप्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में नए अध्याय की शुरुआत-ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव की उपस्थिति में ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आरईसी) और पावर मैनेजमेंट कंपनी के मध्य 21,000 करोड़ के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता मध्यप्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में एक नया अध्याय शुरू करेगा, जिससे राज्य में बिजली वितरण में सुधार और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की उपलब्धता को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के ऊर्जा क्षेत्र में किए गए ये प्रयास मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर और प्रगति की ओर अग्रसर करेंगे। आरईसी-मध्यप्रदेश में बिजली के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अपनी चल रही प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, आरईसी लिमिटेड ने अगले पांच वर्षों के लिए 21,000 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की है। यह वित्तीय सहायता राज्य बिजली उपयोगिताओं के लिए पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) और परिचालन निधि आवश्यकताओं की ओर निर्देशित की जाएगी। यह समझौता ज्ञापन मध्य प्रदेश के बिजली क्षेत्र को बढ़ाने, कुशल बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा संक्रमण को बढ़ावा देने की दिशा में एक आवश्यक कदम है।

## ग्लोब टेक्सटाइल्स कंपनी का तीसरी तिमाही परिणामों में 53.7प्रति.का लाभ और 46.2प्रति. के रेवेन्यू के साथ शानदार प्रदर्शन

अहमदाबाद-(आरएनएस) टेक्सटाइल उद्योग में अग्रणी कंपनियों में से एक ग्लोब टेक्सटाइल्स ने तीसरी तिमाही और नौ महीनों के फायनान्शियल रीजल्ट्स की घोषणा की है। कंपनी ने रेवेन्यू और प्रोफिट में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की है, जो कंपनी की बिज़नेस स्ट्रेटेजी और ओपरेशन्स की सफलता दर्शाती है। 31 दिसंबर 2024 को खत्म हुए क्वार्टर के लिए रेवेन्यू 46.2 प्रतिशत ? 15,159.21 लाख हो गया जबकि पिछले वर्ष की इसी समयावधि में यह ? 10,367.19 लाख था। कंपनी का नेट प्रोफिट 53.7त्न बढ़कर 291.42 लाख हो गया जो पहले ? 189.55 लाख था। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए, रेवेन्यू 20.8त्न बढ़कर ? 42,397.79 लाख हो गया, जबकि पिछले वर्ष यह ? 35,095.74 लाख था। नेट प्रोफिट में 56.6त्न की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई और यह ? 943.55 लाख हो गया, जो कंपनी का सतत ग्रोथ दर्शाता है। ग्लोब टेक्सटाइल्स के ?4,504 लाख के राइट्स इश्यू को अपेक्षा से अधिक रीस्पोन्स मिला, जिससे निवेशकों का कंपनी के ग्रोथ और फायनान्शियल स्टेबिलिटी में मजबूत विश्वास झलकता है। जुटाये गये फंड का उपयोग बिज़नेस डेवलपमेन्ट, ञ्ज्रष्ठ और वर्किंग केपिटल के लिए किया जाएगा, जिससे इनोवेटिव और सस्टेनेबल सोल्यूशन्स के माध्यम से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में वृद्धि होगी। कंपनी के पर्फोमन्स पर टिप्पणी करते हुए, ग्लोब टेक्सटाइल्स के चेयरमैन और एम डी श्री भाविक पारिख ने कहा कि हमारा सतत मजबूत प्रदर्शन हमारी स्ट्रेटेजी, इफेक्टिव ओपरेशन्स और सतत ग्रोथ के प्रति स्ट्रोंग कमिटमेन्ट को दर्शाता है।

# गुरु रविदास एवं संत गाडगे संयुक्त जयंती कार्यक्रम में पहुंचे बसपा पूर्व सांसद बुद्धसेन पटेल, पिछडे समाज की महिला को कथा वाचन करने से रोकने को बताया जातिवादी सोच,बहुजन समाज को संगठित होने की नसीहत दी



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पनागर, बस स्टैंड डॉ.अंबेडकर प्रतिमा स्थल गुरू रविदास मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन महान संत व समाज सुधारक संत गाडगे जी की जयंती एवं गूरू रविदास जयंती (पखवाड़ा) के अवसर पर 23 फरवरी दोपहर 12 बजे से किया गया, कार्यक्रम में बसपा से पूर्व सांसद रीवा बुद्धसेन पटेल मुख्य अतिथी रहे, कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के सद्धम सामाजिक संस्था की अध्यक्ष महामाया बौद्ध एवं बसपा जोन इंचार्ज बालकिशन चौधरी सहित,ओ.बी.सी. महासभा के प्रदेश अध्यक्ष इंद्रकुमार पटेल, आदर्श आदिवासी दल चरगवां के अध्यक्ष डब्बल सिंह परस्ते, आशा गोटिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल,सुधा सिंह, डॉ मनी चौधरी एवं आचार्य रामदयाल शास्त्री जी विशिष्ट अतिथियों सहित छोटेलाल पटेल,रामराज पटेल,बबीता गोटिया,ने अपने विचार रखे, भीम मिशन गायक मनमोहन मास्टर एवं डब्बल चौधरी ने संगीत के माध्यम से संत गाडगे बाबा,गुरू रविदास एवं डॉ.अंबेडकर के जीवन संघर्ष को बताया , पूर्व सांसद बुद्धसेन पटेल ने बडी संख्या में उपस्थित लोगों से सामाजिक परिवर्तन के लिए एकजुट होकर, महापुरुषों के मानववादी आंदोलन को सफल बनाने की अपील करते हुए, पाखंड,आडंबर से बहुजन समाज को दूर रहने की सलाह दी, साथ ही पनागर के रैपूरा में पिछडे समाज से होने के कारण महिला कथा वाचक को रोकने की निंदा करते हुए, सामाजिक न्याय के एकजुट होने की अपील करते हुए कहा की ऐसी घटनायें आज भी जातिवादी घृणित मानसिकता की देन हैं, यह सभी वर्ग का संविधानिक अधिकार है, साथ ही बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती जी जैसे महिलाओं को लोह महिला बनने की अपील है ,कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बसपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट लखन अहिरवार ने जबलपुर जिले के अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति, पिछडा वर्ग के विभिन्न सामाजिक संगठनों से जाति तोड़ो-समाज जोडो की सोच पर चलने के लिए संगठित होने की अपील की, कार्यक्रम आयोजक नरेंद्र चौधरी बसपा अध्यक्ष पनागर, हीरा लाल चौधरी,संत रविदास समिति अध्यक्ष व प्यारे लाल सूर्यवंशी. ने सभी का आभार व्यक्त किया, की,गुरू रविदास मेले में केवल बहुजन साहित्य, व अंबेडकर, बुद्ध, कांशीराम, बिरसा मुंडा,महात्मा ज्योतिवा फुले,साहू जी महाराज, शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह, झलकारी बाई कोरी, शहीद मातादीन, संत गाडगे बाबा ,कबीर साहब, रविदास गुरू, जैसे संतों महापुरुषों के चित्र, झंडे, पुस्तकें,विक्रय करने वाले पहुंचे, गुरू रविदास मेरी नजर में पत्रिका का विमोचन बुद्धसेन पटेल जी द्वारा किया गया,डॉ.अंबेडकर,गूरू रविदास, के भेष में पहुंचे रांझी से दो नौजवान,मेले में आकर्षण का केंद्र रहे,बडी संख्या में महिलाओं, बच्चों ने हिस्सा जिनको कुछ साहित्य,सामग्री, पोस्टर खरीदने में दिल चस्पी दिखी,कार्यक्रम में बहुजन समाज पार्टी पनागर, जबलपुर, संत अनंत काल उत्थान समिति, ओ.बी.सी. महासभा जैसे संगठन शामिल हुए,

## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने जबलपुर, मध्य प्रदेश में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया

**लगभग 1400 स्कूल छात्रों और स्टाफ सदस्यों को सड़क सुरक्षा शिक्षा से सशक्त बनाया गया**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया सुरक्षित सड़क वातावरण बनाने के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए जबलपुर, मध्य प्रदेश में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन कर रहा है। इस पहल के माध्यम से, सरकारी मॉडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के लगभग 1400 छात्रों और स्टाफ सदस्यों को जिम्मेदार सड़क व्यवहार की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, जिससे वे सड़क सुरक्षा के प्रति अधिक जागरूक बन सकें। युवाओं के बीच प्रारंभिक सड़क सुरक्षा शिक्षा के महत्व को पहचानते हुए, ॥स्र्स्ढ ने इस अभियान को केवल जागरूकता तक सीमित न रखते हुए, दीर्घकालिक रूप से सुरक्षित आदतों को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया है। प्रारंभिक चरण में सुरक्षित सवारी की आदतों से परिचित होने से छात्र जिम्मेदार सड़क उपयोगकर्ता बन सकते हैं और अपने परिवार एवं समुदाय को भी सुरक्षित आदतें अपनाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों के साथ नियमित रूप से जुड़कर, ॥स्र्स्ढ एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा दे रहा है, जहां सड़क सुरक्षा अगली पीढ़ी के लिए स्वाभाविक बन जाए और सभी के लिए एक सुरक्षित भविष्य का निर्माण हो। जबलपुर में आयोजित इस अभियान में कई इंटरएक्टिव गतिविधियाँ शामिल थीं, जिससे सड़क सुरक्षा शिक्षा को रोचक और जानकारीपूर्ण बनाया जा सके। प्रतिभागियों ने सुरक्षा सवारी पाठ, खतरों की पहचान प्रशिक्षण, सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी, खेल, हेलमेट जागरूकता और राइडिंग ट्रेनर सत्रों में भाग लिया।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना संजीवनीनगर में सडक दुर्घटना में धायलो को मेडिकल कालेज ले जाये जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस को श्रीमती वर्षा लोधी उम्र 28 वर्ष निवासी गैरतगंज जिला रायसेन ने बतायी कि वह अश्वनी चौधरी की कार क्रमांक एमपी 04 ईडी 9540 से सौरभ सराठे के साथ भोपाल से प्रयागराज जा रही थी। अश्वनी चौधरी अपनी कार चला रहे थे सौरभ सराठे कार के अगले सीट पर बैठे थे वह कार के पीछे सीट पर बैठी थी आज रात लगभग 00-30 बजे कार अंधुआ बायपास पहॅुची मुख्य रोड में दाहिने तरफ मध्य डिवाईडर के पास खड़ी मिनी ट्रक क्रमांक

# दो सड़क दुर्घटनाओं में 8 कुंभ यात्रियों की मौत

## पेड़ से टकराकर रॉन्ग साइड बस से टकराई जीप, सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुसी कार





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। जबलपुर में दो सड़क दुर्घटनाओं में 8 कुंभ यात्रियों की मौत हो गई. देर रात दो बजे के लगभग अंधुआ बायपास रोड किनारे खड़े ट्रक से टकराई कार के परखच्चे उड़ गए. हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, वहीं एक महिला के शरीर पर गंभीर चोटें आई. ये सभी लोग प्रयागराज महाकुंभ जा रहे थे. इसके दो घंटे बाद खितौला के पहरेवा वायपास पर सुबह चार बजे के लगभग तूफान जीप पेड़ से टकराकर डिवाइडर तोड़ते हुए एक बस से टकरा गई. इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई. ये सभी लोग महाकुंभ से लौटकर कर्नाटक लौट रहे थे.

पुलिस अधिकारियों के अनुसार गैरतगंज जिला रायसेन निवासी वर्षा लोधी उम्र 28 वर्ष कार से अश्वनी चौधरी व सौरभ सराठे के साथ कार क्रमांक एमपी 04 ईडी 9540 में बैठकर प्रयागराज महाकुंभ जाने के लिए निकली. कार अश्वनी चौधरी चला रहे थे, जब वे अंधुआ बायपास से आगे बढ़ रहे थे, इस दौरान अश्वनी कार से अपना संतुलन खो बैठे और कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई. हादसे में अश्वनी चौधरी व सौरभ सराठे के शरीर पर गंभीर चोटें आने से मौत हो गई. वहीं वर्षा के शरीर पर गंभीर चोटें आई. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए. जिन्होने कार को क्रेन की मदद से बाहर निकाला, इसके बाद फंसे हुए तीनों यात्रियों उतारा. सभी को मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां पर दो को डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया. वही वर्षा की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है.

इसी तरह तूफान जीप सवार हैदराबाद निवासी परिवार व रिश्तेदार प्रयागराज महाकुंभ से लौटे. जब वे खितौला पहरेवा नाका से आगे बढ़ रहे थे इस दौरान चालक को नींद का झोंका आया, जिससे जीप अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने के बाद डिवाइडर तोड़ते हुए एक यात्री बस से टकरा गई. हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई. दुर्घटना होते देख राह चलते लोग रुक गए, जिनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने जीप में फंसे सभी लोगों को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकालकर सिहोरा के शासकीय अस्पताल पहुंचाया. उस वक्त तक कलेक्टर दीपक सक्सेना व एसपी संपत उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे. इसके बाद कलेक्टर सिहोरा अस्पताल पहुंचे और डाक्टरों को घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए. वहीं शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर उनके रिश्तेदारों को खबर दे दी गई है. हादसे के बाद इस रोड पर जाम के हालात बने रहे, दोनों ओर वाहनों की लम्बी लाइन लगी रही. खबर है कि घटना के बाद बस चालक मौके से भाग निकला.

किराए की तूफान गाड़ी लेकर कुंभ गए थे श्रद्धालु-

दुर्घटना में घायल सदाशिव हादसे के बाद से काफी डरा हुआ रहा, जिसने घबराते हुए कहा कि सभी लोग कर्नाटक के आसपास गांव के रहने वाले है. किराए की टैक्सी लेकर कर्नाटक के बेलगाम से प्रयागराज के लिए शुक्रवार को निकले थे. रविवार को स्नान के बाद रात को कर्नाटक के लिए रवाना हो हुए. घायल सदाशिव का कहना है कि ड्राइवर जीप को 120 की स्पीड से चला रहा था, इस दौरान अचानक ड्राइवर को अचानक नींद का झोंका आने के कारण हादसा हो गया. मैं सबसे पीछे बैठा हुआ था. एक तेज धमाका हुआए उसके बाद कुछ भी याद नहीं.

रात दो बजे हुए अंधुआ बायपास पर हुए हादसे में इनकी हुई मौत-

-अश्वनी चौधरी उम्र 51 वर्ष निवासी गैरतगंज जिला रायसेन

-सौरभ सराठे 22 वर्ष निवासी गैरतगंज जिला रायसेन

घायल-

वर्षा लोधी उम्र 28 वर्ष निवासी गैरतगंज जिला रायसेन

सुबह 4 बजे सिहोरा में हुई दुर्घटना में इनकी हुई है मौत

-वीरुपक्शी गुमती निवासी गोकाक बेलगाम, कर्नाटक

-बासविराज कुरती निवासी गोकाक बेलगाम कर्नाटक-बालचंद्रा -राजू -सुनील -वीरना

दुर्घटना में हुए घायल-

-सदाशिव कुमार उम्र 59 वर्ष निवासी कर्नाटक गंगटोक -मुस्तफा

# हैवान शिक्षक, रोती-बिलखती मासूम से करता रहा रेप

## फफती घर पहुंची, बोली- मम्मी कभी नहीं जाना स्कूल

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। जबलपुर में बेलखेड़ा स्थित सरकारी स्कूल में शिक्षक ने 8 साल की मासूम छात्रा के साथ रेप किया. इसके बाद धमकी देते हुए घर भेज दिया. घर पहुंचते ही मासूम अपनी मां से लिपटकर रोने लगी, घबराकर मां ने पूछा तो मासूम ने टीचर द्वारा किए गए दुष्कर्म की जानकारी दी. परिजनों ने थाना पहुंचकर पुलिस को घटनाक्रम की जानकारी दी, जिसपर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी टीचर को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार बेलखेड़ा के शासकीय स्कूल में छुट्टी होने के बाद सभी बच्चे अपने क्लास रुम से बाहर निकलकर घर के लिए रवाना हुए. इस दौरान टीचर घनश्याम ठाकुर ने 8 वर्षीय मासूम छात्रा को क्लासरुम में बंद कर दिया. जैसे ही सभी बच्चे चले गए तो टीचर ने क्लास रुम में बच्ची के साथ दरिंदगी की, इस दौरान बच्ची रोते हुए दर्द होने से चिल्लाई तो उसका मुंह दबा दिया गया. रेप के बाद टीचर घनश्याम ठाकुर ने धमकी देते हुए कहा कि घर में किसी को कुछ नही बताना. इधर बच्ची के घर न आने से परिजन चिंतित हो गए, फिर यह सोचा कि सहेलियों के साथ खेलते खेलते घर आने में समय लग गया होगा.

कुछ देर बाद बच्ची अस्त-व्यस्त हालत में डरी-सहमी घर आई और मां से लिपटकर रोने लगी. बच्ची ने रोते हुए कहा कि वह अब कभी स्कूल नहीं जाएगी. घबराकर मां के पूछने पर बच्ची ने टीचर घनश्याम ठाकुर द्वारा किए गए कुकर्म की जानकारी दी. बालिका के साथ शासकीय स्कूल में की गई दरिंदगी के बारे में महिला ने अपने पति सहित अन्य परिजनों को जानकारी दी. इसके बाद बेलखेड़ा थाना पहुंचकर पुलिस को टीचर घनश्याम ठाकुर द्वारा किए गए कृत्य की जानकारी दी. मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारियों ने आरोपी टीचर घनश्याम ठाकुर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया. पुलिस का कहना है कि आरोपी टीचर घनश्याम ठाकुर मूलत = गोटेगांव जिला नरसिंहपुर का रहने वाला है जो बेलखेड़ा के शासकीय स्कूल में पदस्थ है. घटना को लेकर परिजनों से लेकर गांव के लोगों में आक्रोश व्याप्त है.

## रूपयों के विवाद पर जान से मारने की नीयत से छत से धक्का देने वाला आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर- थाना प्रभारी गोहलपुर श्रीमति प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि सनराईज हास्पिटल रद्दी चौकी से सूचना मिली कि सिराजुउद्दीन अंसारी उम्र 35 वर्ष निवासी टेढ़ीनीम दरगाह के पास हनुमानताल को दिनांक 20-2-25 को रात लगभग 11-15 बजे लेमा गार्डन मल्टी गोहलपुर में मारपीट में घायल होने से उपचार हेतु सहाबुद्दीन अंसारी ने दिनांक 21-2-25 को रात 12 बजे भर्ती किया कराया है।

सूचना पर सनराईज अस्पताल पहॅुची पुलिस द्वारा सिराजुउद्दीन अंसारी उम्र 35 वर्ष निवासी टेढ़ीनीम दरगाह के पास हनुमानताल ने बताया कि दनांक 20-2-25 को रात लगभग 10-40 बजे वह अपने दोस्त इरफान अंसारी के साथ इरफान के घर जी 1 ब्लाक की प्रथम तल पर गया था । जहॉ से दोनों छत पर पहॅुचे जहॉ उसने अपने दोस्त इरफान अंसारी से बोला कि मैने तुझे जो आनलाईन 75 हजार रूपये दिया था मुझे वापस कर दो इसी बात को लेकर विवाद करते हुये इरफान अंसारी के हाथ मुक्को से मारपीट करने लगा तथा रूपये न लौटाने पड़े इसलिये इरफान अंसारी ने जान से मारने की नियत से जी ब्लाक के सबसे ऊपर की छत चौथे माले से उसे धक्का देकर नीचे गिरा दिया

# बैंक में डकैती डालने की योजना बना रहे 6 बदमाश गिरफ्तार, पिस्टल, तलवार, चाकू जब्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। जबलपुर स्थित रांझी क्षेत्र के बैंक में डकैती डालने की योजना बना रहे 6 बदमाशों को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा है. सभी बदमाश एक व्हीकल स्टेट के पास एक खंडहर में बैठकर डकैती की योजना बना रहे थे. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से देशी पिस्टल, कारतूस, दो तलवार, चाकू सहित अन्य हथियार बरामद किए है.

पुलिस के अनुसार व्हीकल अस्पताल के सामने फैक्टरी के खंडहर क्वाटर में बैठे बदमाशों द्वारा यूको बैंक में डकैती डालने की योजना बनाई जा रही है. खबर मिलते ही पुलिस की टीमों ने खंडहर आवास की घेराबंदी कर दबिश दी. पुलिस को देखते ही बदमाशों ने भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने सभी को पकड़ लिया. पुलिस ने बदमाशों की तलाशी ली तो इनके कब्जे से पिस्टल, चाकू, तलवार सहित अन्य हथियार मिले. पुलिस ने इन सभी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया. आरोपियों को पकडने में थाना प्रभारी रांझी मानस द्विवेदी, एसआई मनीष कुमार जाटव, एमएल बिहुनिया, प्रधान आरक्षक सुनील दुबे, प्रदीप तिवारी, पुरूषोत्तम अहिरवार, आरक्षक प्रदीप नाईक, मनीष अहिरवार, गौरव यादव, रवि पंचेश्वर, अर्पित सिंह, अभिषेक, मनीष पटैल, चंचल सेन, हरिशंकर, सैनिक महेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही.

## पत्रकार हरिशंकर शर्मा की माताजी का निधन



जबलपुर. एमपी के जबलपुर में नारायण नगर बीटी चौराहा रोड गुलौआ निवासी पत्रकार हरिशंकर शर्मा की माताजी का निधन 24 फरवरी को हो गयाा है. जिनकी अंतिम यात्रा 25 फरवरी मंगलवार को सुबह 9 बजे उनके निज निवास नारायण नगर से तिलवारा मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी.

# जिले के 103 परीक्षा केन्द्रों में आज 25 फरवरी से बारहवी की होगी बोर्ड परीक्षा शुरु

## परीक्षा में शामिल होगे कुल 19295 परीक्षार्थी,सभी परीक्षा केन्द्रों में कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। माशिमं भोपाल के द्वारा संचालित होने वाली कक्षा दसवी एवं बारह्बी की बोर्ड परीक्षाये दिनांक 25 फरवरी 2025 दिन मंगलवार से शुरू हो रही हैं,यह परीक्षाये एक माह तक चलेगी 7 परीक्षा का समय प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा 7 दिनांक 25 फरवरी को कक्षा बारहवी के हिंदी विषय के पेपर के साथ परीक्षा शुरू होगी 7 जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी ने बताया कि जिले में कक्षा बारहबी की परीक्षा में कुल 19295 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होगे जिसमे नियमित के रूप में 17691 परीक्षार्थी तथा स्वाध्यायी के रूप में 1604 परीक्षार्थी शामिल होंगे 7 जिले में कुल 103 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा संचालित हो रही हैं शासकीय परीक्षा केन्द्रों की संख्या 69 एवं अशासकीय परीक्षा केन्द्रों की संख्या 35 हैं परीक्षाओं के सुचारू संचालन हेतु 103 केन्द्राध्यक्ष एवं 103 सहायक केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किये गए हैं सभी परीक्षा केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्था हो गयी हैं सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए गये हैं

जिले में नक़ल रोकने हेतु प्रशासनिक अधिकारीयों के नेतृत्त्व में 11 उडनदस्तों का गठन किया गया हैं 7

जिले के सभी 103 परीक्षा केन्द्रों में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी कलेक्टर प्रतिनिधि की ड्यूटी लगायी गयी हैं ,यह कलेक्टर प्रतिनिधि प्रात: केन्द्राध्यक्ष के साथ थाने जाकर माशिमं के ऑनलाइन॒ श्रश्न में अपनी सेल्फी अपलोड करकर पेपर के बण्डल की जानकारी को भरेगे 7 इसके पश्चात् ॒श्रश्न में दर्ज स्कूल की लोकेशन तथा रास्ता दिखाई देगा 7 इसके आधार पर कलेक्टर प्रतिनिधि एवं परीक्षा केंद्र के केन्द्राध्यक्ष अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र में उपस्थित होकर पुन: अपनी सेल्फी अपलोड करेगे इसके बाद परीक्षा केंद्र पर कलेक्टर प्रतिनिधि के द्वारा पेपर के सीलबंद पेकेट का वीडियो बनाकर भोपाल भेजना हैं परीक्षा केन्द्रों में कलेक्टर प्रतिनिधि के अलावा सभी के मोबाइल पूर्णत: बंद रहेगे

# सरकार का बेरोजगार युवाओं से इन्वेस्टर्स समिट के नाम पर छलावा , लाखों सरकारी खाली पदों को शीघ्र भरे - कांग्रेस

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग )कांग्रेस पूर्व प्रदेश प्रवक्ता टीकाराम कोष्टा ने कहा कि मोदी और मोहन सरकार देश के युवाओं को रोजगार प्रदान करने की सही में मन्शा रखती हैं तो लाखों शासकीय खाली पदों को भरने हेतु अभी तक कोई भी कदम क्यों नहीं उठाये गए? इन्वेस्टर्स मीट के नाम पर निजीकरण को प्राथमिकता देना मोदी मोहन सरकार एम ओ यू को निवेश के नाम पर युवाओं को भ्रमित करना बंद करें। क्योंकि भाजपा सरकार जब से सत्ता में है सरकार ने अनेकों शासकीय उपक्रम बंद कर दिए या उनका निजीकरण कर दिया । मोहन मोदी सरकार ने देश और प्रदेश में कोई भी नया शासकीय उपक्रम चालू नहीं हो सका भाजपा सरकार ने नए पदों का सृजन करना तो दूर लाखों पदों को समाप्त कर दिया भाजपा सरकार ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हुई युवाओं को मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाए गए जमीन पर साकार नहीं हुए भाजपा सरकार में बेरोजगारी महंगाई दिनों दिन बढ़ रही है युवा पढ़ लिखकर बेरोजगारी के कारण तनाव में नशा का आदी हो रहा है। भाजपा सरकार इन्वेस्टर्स समिट के नाम पर युवाओं को हसीन सपने परोसती है, हर बार बड़े-बड़े एम ओ यू साइन होते हैं हजारों करोड़ के निवेश लाखों रोजगार की घोषणाएं होती हैं लेकिन जमीनी हकीकत कुछ भी नहीं जो सरकार की नाकामियों को दर्शाता है।


कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/25/एम/235 दिनांक 24.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री प्रमोद कुमार गुप्ता, पिता- श्री शीतला प्रसाद गुप्ता** ने मकान नं. (668 डी-90) **वार्ड पं. मोतीलाल नहेरू वार्ड,** क्षेत्रफल 2400 व.फु., भूतल 2400 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर

पत्र क्रं.- 38/ सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 24.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक **श्री विनोद कुमार कुशवाहा, पिता- श्री रामलल्लू कुशवाहा** ने शासकीय नजूल भूमि में निर्मित भवन नं. 3850/1 बी **वार्ड 63 वार्ड ,** भूतल 504 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 504 व.फु. आर.सी.सी., , **संलग्न- नजूल विक्रय पत्र, आधार कार्ड, कर भु. रसीद,** प्रपत्रों के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि श्री दौलत हल्दकार, भवन नं 3850/1 बी पिन नं. 1000701014 , सं.नं. ................ की जगह अपना नाम काबिज में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त काबिज नामांतरण में कोई आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-16, नगर निगम जबलपुर

क्रं.सं.अधि/राजस्व./ सं.क्र.16/ 2024-25/ एम....... दिनांक- 20.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती चांदनी खाँन, पति- श्री मोहम्मद शफी इसरत** ने पिन नं. 1000456849 भवन क्रमांक 1235 ध 1क , **वार्ड क्र. 51 वार्ड रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड,** क्षेत्रफल 1500 व.फु., भूतल 1230 व.फु., प्रथमतल 400 व.फु. , **विक्रयपत्र ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक 1235 ध 1क , पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-16** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-16 नगर निगम जबलपुर

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 21.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री इम्तियाज अहमद, पिता- स्व. श्री नवी अहमद** ने भवन/ क्रमांक 545/ए **वार्ड खेरमाई वार्ड,** क्षेत्रफल 647 व.फु., भूतल 500 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 545/ए पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 19.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती गीता सिंह ठाकुर, पति- स्व. श्री आनंद सिंह ठाकुर** ने भवन/ क्रमांक 2003 **वार्ड शीतला माई वार्ड,** भूतल 609 व.फु. खपरैल, **शपथपत्र, विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2003 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 19.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री प्रेम प्रकाश सिंह, पिता- स्व. श्री गुलाब सिंह,** ने भवन/ क्रमांक 2006-2007 हिस्सा **वार्ड शीतला माई वार्ड,** क्षेत्रफल 470 व.फु., भूतल 300 व.फु., प्रथमतल 300 व.फु., **वसीयत नामा, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2006-2007 हिस्सा पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 19.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री रवीन्द्र कुमार गुप्ता, पिता- स्व. श्री शंकर लाल गुप्ता,** ने भवन/ क्रमांक 1021 एवं 1021/1 **वार्ड हनुमानताल वार्ड,** क्षेत्रफल 605 व.फु., भूतल 605 व.फु., प्रथमतल 605 व.फु., द्वितीयतल 605 व.फु., **रिलीडडी,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1021 एवं 1021/1 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 19.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि 1. **श्रीमती संतोष लोधी, पति- स्व. श्री शंकर लोधी, 2. श्री सक्षम लोधी, पिता- स्व. श्री शंकर लोधी** ने भवन/ क्रमांक 1653 **वार्ड शीतला माई वार्ड,** क्षेत्रफल 805 व.फु., भूतल 725 व.फु., प्रथमतल 450 व.फु., द्वितीयतल 305 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1653 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 405 दिनांक 24.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री अशोक अहिरवार, पिता- स्व. श्री रामदयाल अहिरवार** ने मकान नं. 1721 सम्पत्ति पिन नं. 1000479030 **वार्ड रानी दुर्गावती -17 वार्ड ,** भूतल 631व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 404 दिनांक 24.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि 1. **रूपा अहिरवार, पिता- स्व. श्री राम कुमार अहिरवार, 2. आकांक्षा अहिरवार, पिता- स्व. श्री राम कुमार अहिरवार** ने मकान नं. 1721 सम्पत्ति पिन नं. 1000479030 का भाग **वार्ड रानी दुर्गावती -17 वार्ड ,** भूतल 631व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 403 दिनांक 24.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि 1. **श्रीमती संध्या अहिरवार, पति- स्व. श्री रामकुमार अहिरवार, 2. श्री आशीष अहिरवार, 2. श्री रवि अहिरवार, दोनों के पिता-स्व. श्री राम कुमार अहिरवार** ने मकान नं. 1721 सम्पत्ति पिन नं. 1000479027 **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड ,** भूतल 631व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999